रांची, सोमवार
16:10:2023
web: www.rashtriyakhabar.com

देश/विदेश 11 कुप्यांस्क के इलाके में रूसी सेना का दोबारा .. .. ..
झारखंड 9 जरूरतमंदों और..
अभिव्यक्ति 6 महाराष्ट्र का राजनीतिक संकट .. ..
सिंघम अगेन से दीपिका 10



अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर

हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 283
epaper.rashtriyakhabar.com
आश्विन, शुक्लपक्ष द्वितीया, विक्रम संवत 2080



## शहर >> अपडेट

### देवेंद्र माझी जिंदा है खेत खलिहानों में : जितेंद्र

रांची : झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने देवेंद्र माझी की 27 वी पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर डोरंडा स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। उपस्थित लोगों ने इस मौके पर देवेंद्र माझी के अरमानों को मंजिल तक पहुंचाने का संकल्प लिया। लोगों ने देवेंद्र मांझी अमर रहे, देवेंद्र मांझी जिंदा है खेतों में खलिहानों में हमारे अरमानों में का नारा बुलंद किया। संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने इस अवसर पर कहा कि देवेंद्र माझी ने झारखंड अलग राज्य

आवास योजना >> बाबूलाल मरांडी का हेमंत सोरेन से सवाल

# गरीबों को आखिर कब देंगे तीन कमरों वाला घर? गलथेथरी में ही बीते चार साल



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार की आवास योजना को लेकर सोशल मीडिया पर सवाल उठाया है। रविवार को इसके जरिये सीएम हेमंत सोरेन से सवाल भी पूछा भी कि आखिर वे झारखंड के गरीबों को तीन कमरों वाला घर कब देंगे। अबतक तो गलथेथरी करने में ही चार साल सीएम ने बीता दिया। पीएम श्री मोदी पर आवास के लिए भ्रामक आरोप लगाने से पहले सीएम हेमंत को मालूम होना चाहिए कि वे अपने अधिकारियों से डाटा मंगाकर तसल्ली कर लें। पिछले 9 वर्षों में झारखंड में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक करीब 18 लाख पक्के घर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन चुके हैं।गौरतलब है कि सीएम हेमंत सोरेन ने 14 अक्टूबर को चक्रधरपुर में एक कार्यक्रम में कहा था कि राज्य में 8 लोगों को तीन कमरे वाला घर राज्य सरकार देगी। पीएम आवास योजना के तहत 8।50 लाख गरीबों की फाइल लंबित पडी. हुई है।यहाँ के लोग टूटे फूटे मकान और झोंपड़े में नहीं रहेंगे। इसलिए अब राज्य सरकार तीन कमरे वाला घर लोगों को देगी। भाजपा ने सीएम के इसी बयान पर हमला बोला है।

## पेज एक का शेष

### उग्रतारा देवालय में .. .. ..

को अपने कंधे पर रख लिया, और दुनिया कांप उठी। शिव को शांत करने के लिए, भगवान विष्णु ने सती के शरीर को काटने के लिए अपने सुदर्शन चक्र का उपयोग किया, जिसके परिणामस्वरूप जहां जहां देवी की शरीर के अंश गिरे, शक्ति पीठों का निर्माण हुआ। इनमें से एक, जिसे नाभि जैसी इकाई के रूप में जाना जाता है, उग्रतारा के रूप में स्थापित किया गया था, एक मंदिर जो अपने भक्तों के डर को दूर करता है। श्री श्री उग्रतारा देवालय लगभग 975 वर्षों से दुर्गा पूजा की परंपरा का पालन कर रहा है। इस पवित्र त्योहार के दौरान, भक्त माँ तारा की पूजा करने और उनसे आशीर्वाद लेने के लिए इकट्ठा होते हैं। यह मंदिर दुर्गा पूजा के दौरान अपनी अनूठी प्रथाओं के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें भैंस, बत्तख और बकरियों जैसे जानवरों की बलि शामिल है।

### हमास के हमले में .. .. ..

संघर्ष विराम प्रस्ताव पर सोमवार को मतदान करने को कहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडन ने शनिवार को श्री नेतन्याहू से कहा कि अमेरिका संयुक्त राष्ट्र, मिस्त्र, जॉर्डन और क्षेत्र के अन्य देशों के साथ काम कर रहा है जिससे निर्दोष लोगों को पानी, भोजन और चिकित्सा देखभाल प्राप्त हो सके।

इजरायल को लेबनान के साथ अपनी उत्तरी सीमा पर एक अलग टकराव के खतरे का सामना कर रहा है और हाल के दिनों में हिजबुल्ला समूह के साथ तोपखाने का आदान-प्रदान हुआ है। इस बीच इजरायल ने शनिवार रात उत्तरी सीरिया के अलेप्पो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मिसाइल दागी। इजरायल ने राजधानी दमिश्क और अलेप्पो के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर हमला किया, जिससे रनवे को नुकसान पहुंचाने के बाद उन्हें अस्थायी रूप से सेवा से बंद कर दिया गया।

### अपनी ही गोली से .. ..

जारी किया। शुक्रवार, 13 अक्टूबर को उनका अंतिम संस्कार उनके गृहनगर पंजाब में पूरी तरह से किया गया। अमृतपाल सिंह को 20 सितंबर को पुंछ सेक्टर में जम्मू-कश्मीर राइफल्स बटालियन में शामिल किया गया था। रिपोर्टों से पता चलता है कि उनके सिर पर गोली लगने का घाव पाया गया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऐसे लोगों की भरमार है जो सवाल कर रहे हैं कि अमृतपाल को गार्ड ऑफ ऑनर या सैन्य अंतिम संस्कार क्यों नहीं दिया गया। व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने कहा, एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में, अग्निवीर अमृतपाल सिंह की राजौरी सेक्टर में संतरी ड्यूटी के दौरान खुद को लगी बंदूक की गोली से चोट लगने के कारण मृत्यु हो गई। अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी की जाएगी। व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने कहा, मौत का कारण खुद को पहुंचाई गई चोट है, मौजूदा नीति के अनुसार कोई गार्ड ऑफ ऑनर या सैन्य अंतिम संस्कार प्रदान नहीं किया गया था। इस योजना की शुरूआत को उम्मीदवारों और विपक्षी दलों सहित देश के विभिन्न हिस्सों से विरोध का सामना करना पड़ा था। हालाँकि, सरकार और सेना विरोध के बावजूद इस योजना पर आगे बढ़ीं।

### पुलिस के गोदाम से .. .. ..

सरकारी सुविधाओं और संसाधनों को लूटने सहित अवैध रूप से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक एकत्र कर रहा था। उसे न्यायिक अदालत में पेश किया गया जिसने उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।इस बीच, मणिपुर सरकार ने भी केन्द्रीय गृह मंत्रालय से भारत-म्यांमार सीमा में मुक्त आवाजाही समझौते को समाप्त करने की अपील की है।मणिपुर पुलिस ने इंफाल पश्चिम जिले से कांगलेई यावोल कन्ना लुप (केवाईकेएल) के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया, जो आम जनता से जबरन वसूली में शामिल था। इसके अलावा, पुलिस ने एक 9एमएम पिस्तौल और 120 जिंदा कारतूसों से भरी एक मैगजीन, एक मोबाइल फोन और 160,000 रुपये नकद भी जब्त किए, जिसके बारे में पुलिस ने दावा किया कि यह जबरन वसूली की रकम है।

इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, चुराचांदपुर, थौबल, बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया। ऑपरेशन के दौरान, इंफाल-पूर्वी जिले में दो हथियार (एसएलआर-10), काकचिंग जिले में तीन .303 राइफलें-03 और100 विस्फोटक (स्थानीय रूप से निर्मित पाइप बम-02) बरामद किए गए। पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों में उल्लंघन के संबंध में 2047 लोगों को हिरासत में लिया।

### इंडिया की जीत महिलाओं .. ..

के अधिकारों और देश के लोगों की सुरक्षा के लिए भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए 2019 से दिखाए गए तमिलनाडु मॉडल का अनुसरण करते हुए एकजुट होकर काम करने का अनुरोध किया है।

सम्मेलन में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी एवं पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा समेत इंडिया गठबंधन की कई प्रमुख महिला नेता मौजूद थीं। उन्होंने कहा,तमिलनाडु की तरह पूरे भारत में हर राज्य में एक संयुक्त गठबंधन बनाया जाना चाहिए। अगर भाजपा विरोधी एकजुट हो सकते हैं और छोटे-मोटे मतभेदों से ऊपर उठ सकते हैं तो हम निश्चित रूप से भाजपा को हरा सकते हैं जो लोगों के हितों के खिलाफ है।

श्री स्टालिन ने कहा कि द्रमुक उप महासचिव एवं सांसद कनिमोझी, उनकी बहन और द्रमुक महिला विंग की नेता - ने महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए यह सम्मेलन बुलाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन के तहत, न केवल महिलाओं के अधिकार, बल्कि सभी नागरिकों के अधिकारों की कटौती की जा रही है। द्रमुक अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दलीय शासन स्थापित करने के इरादे दिखते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा रास्ता अंततः एक विलक्षण तानाशाही शक्ति का नेतृत्व करेगा।

### चंद सेकंड में तैयार कर .. ..

टेढ़ा-मेढ़ा और बेडौल। और, अभी के लिए, यह अकार्बनिक सामग्रियों से बना है। क्रेगमैन ने कहा, जब लोग इस रोबोट को देखेंगे, तो उन्हें एक बेकार गैजेट दिखाई दे सकता है। मैं एक बिल्कुल नए जीव का जन्म देख रहा हूं। क्रेगमैन और उनकी टीम ने जमीन पर चलने में सक्षम एक भौतिक मशीन डिजाइन करने के एक साधारण अनुरोध के साथ शुरूआत की। यहीं पर शोधकताओं का इनपुट समाप्त हो गया और एआई ने तत्काल अपना काम प्रारंभ किया। नौ प्रयासों के बाद, इसने एक ऐसा रोबोट तैयार किया जिसे बनाने में ूसे केवल 26 सेकंड का समय लगा। जब रोबोट के शरीर से हवा निकली तो पैर सिकुड़ गए। रोबोट में लगातार हवा पंप करने से, यह बार-बार फैलता है और फिर सिकुड़ता है - जिससे धीमी लेकिन स्थिर गति होती है।

क्रेगमैन उसी प्रोग्राम द्वारा डिजाइन किए गए टूल के लिए संभावनाओं की दुनिया की कल्पना करता है। एआई ऐसे नैनो-रोबोट डिजाइन करने में भी सक्षम हो सकता है जो मानव शरीर में प्रवेश करते हैं और रक्त प्रवाह के माध्यम से धमनियों को खोलते हैं, बीमारियों का निदान करते हैं या कैंसर कोशिकाओं को मारते हैं।

### पुणे से गिरफ्तार मणिपुर .. .. .. ..

सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक तस्वीर में दो छात्र दो हथियारबंद हमलावरों के साथ बैठे नजर आ रहे हैं। एक अन्य तस्वीर में उनके शव पड़े नजर आ रहे हैं। इन दोनों तस्वीरों की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं हुई है जबकि राज्य सरकार ने इस किस्म की तस्वीरों अथवा वीडियो को सोशल मीडिया में जारी करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। फिर भी कहा जाता है कि दोनों छात्रों को आखिरी बार बिष्णुपुर जिले में देखा गया था। आरोप था कि मैतेई समुदाय के दो छात्रों का कुकी अपराधियों ने अपहरण कर लिया और उनकी हत्या कर दी। मैतेई समुदाय के दो छात्रों की हत्या के कारण सितंबर के आखिरी हफ्ते से मणिपुर में अशांति का माहौल है। अशांति को रोकने के लिए कुकी बहुल पहाड़ी क्षेत्र में अगले छह महीने तक सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) लागू रहेगा। लेकिन वह भी काम नहीं आया। इंफाल पूर्वी जिले के खुरई सजोर के लीकाई इलाके में उत्तेजित भीड़ ने स्थानीय भाजपा विधायक और राज्य मंत्री एल सुसिंदरो के आवास में तोड़फोड़ की।

---

नेहा शिल्पी तिर्की और अजीत लकड़ा में प्रेस वार्ता

## ट्राइबल यूथ फेस्ट में 26 और 27 नवंबर को भव्य कार्यक्रम आयोजित होंगे : नेहा



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** रविवार को चापूटोली स्थित हेरिटेज बैंक्वेट हॉल में मांडर विधायक नेहा शिल्पी तिर्की और अजीत लकड़ा की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता की गई। जिसमें नवंबर और दिसंबर माह में रांची में तीन बड़े ट्राइबल आयोजन होंगे। इसमें यूथ फेस्टिवल और आदिवासी उद्यमी मेला शामिल है। पहला आयोजन इंडिजिनियस वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा मोरहाबादी स्थित दीक्षांत मंडप में होगा। इसमें ट्राइबल यूथ फेस्ट में 26 और 27 नवंबर को भव्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा सांसद गीता कोड़ा, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की विशेष रूप से शामिल होंगी। इस यूथ फेस्ट में छऊ नृत्य, पाइका, दशई नृत्य, झूमर नृत्य, नटवा नृत्य और सोहराई सहित अन्य पारंपरिक नृत्य के कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा ट्राइबल परिधानों पर फैशन शो, आदिवासी खानपान, रॉक शो सहित अन्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। आदिवासी उद्यमियों द्वारा कई तरह का स्टॉल भी लगाया जाएगा। फेस्ट में करियर गाइडेंस से संबंधित स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इस वार्ता में मुख्य रूप से उपस्थित अमरनाथ लकड़ा, विपीन टोप्पो, कृष्णा लकड़ा, शशिबन्ना, अनिल अभिताब, अनिल उराँव, विनोद कच्छप, प्रतीक कच्छप, अभिषेक तिर्की, विकास तिर्की अनिल उराँव, आकाश तिर्की आदि लोग उपस्थित थे।

भाजपा ने मुख्यमंत्री के बयान पर किया पलटवार

## आखिर हेमंत सोरेन को कौन सा डर सता रहा : प्रतुल शाहदेव



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से यह जानना चाहा कि वह किस आधार पर कह रहे हैं कि उन्हें जेल भेजने की साजिश की जा रही है? प्रतुल ने कहा सिर्फ उन्हें समन किया गया है लेकिन मुख्यमंत्री शायद अपनी अंतरात्मा की आवाज से यह बात कह रहे हैं क्योंकि अंतरात्मा को सारी सच्चाई पता होती है।प्रतुल ने कहा कि झारखंड पुलिस भी 41 ए के तहत हजारों नोटिस निर्गत किया करती है।तो एक केंद्रीय एजेंसी के नोटिस से मुख्यमंत्री इतना परेशान क्यों होकर बेचैन दिख रहे हैं। जाहिर है मुख्यमंत्री जी को पता है की ' जजमेंट डे' निकट आ रहा है और सारे घपले घोटाले का हिसाब देना होगा। मुख्यमंत्री जी को यह भी पता है कि इसका अंतिम अंजाम क्या होगा इसलिए वह बार-बार जेल जाने की बात कह रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री खुद को आदिवासी बता कर विक्टिम कार्ड खेलने की कोशिश कर रहे हैं।लेकिन वह भूल रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो उनसे 28 मार्च, 2010 को एसआईटी ने 10 घंटे तक पूछताछ की थी ।उस समय तो उन्होंने अपने पिछड़ी जाति के होने का हवाला देकर यूपीए सरकार पर कोई आरोप नहीं लगाया था। बाद में इस केस में एसआईटी ने मोदी जी को यूपीए शासन काल में ही क्लीन चिट दे दी जिसे बाद में सर्वोच्च न्यायालय ने भी सही माना। सीबीआई ने भी गृह मंत्री अमित शाह जी से 7 अगस्त, 2010 को 9 घंटे तक लंबी पूछताछ की थी।बाद में 1 अगस्त, 2016 को अमित शाह जी को सुप्रीम कोर्ट से क्लीन चिट मिल गई। उस समय उन्होंने भी कोई विक्टिम कार्ड नहीं खेला।लेकिन मुख्यमंत्री बार-बार विक्टिम कार्ड खेलकर ध्यान बाटने की कोशिश कर रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी अपना स्क्रिप्ट राइटर को बदले क्योंकि वह बार-बार भाजपा पर 20 साल राज करने का आरोप लगा रहे हैं। जबकि इस प्रदेश के 23 वर्षों में 12 साल तक झामुमो, कांग्रेस ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से राज किया। 2004 से 2014 के बीच में यूपीए के शासनकाल में 623 दिनों तक राष्ट्रपति शासन भी था और यह वह दौर था जब राज भवन कांग्रेस ऑफिस का एक्सटेंशन ऑफिस हुआ करता था। कांग्रेस के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भी उस दौर में राज्यपाल के सलाहकार हुआ करते थे। केंद्र सरकार के असहयोग पर पलटवार करते हुए प्रतुल ने कहा कि मोदी सरकार ने रघुवर सरकार के समय से भी ज्यादा मदद हेमंत सरकार को दिया है। इनके वित्तमंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने विधानसभा में भी केंद्र सरकार के सहयोग की प्रशंसा की थी।

## कन्हाई बने यूनियन के अध्यक्ष व इम्तियाज सचिव

▶▶26 नवंबर को राज भवन के समक्ष महा पड़ाव



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड खेत मजदूर यूनियन का राज्य सम्मेलन रविवार को अध्यक्ष मंडल कन्हाई मल पहाड़िया अर्जुन कुमार और इम्तियाज खान अध्यक्षता में हुई जिसमें मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, अजय कुमार सिंह गणेश महतो नेमन यादव उपस्थित थे। महेंद्र पाठक ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड खेत मजदूर यूनियन के सम्मेलन ऐसे वक्त पर हो रहा है,जब पूरे दुनिया में युद्ध चल रहा है। दुनिया में विश्व युद्ध की स्थिति बनी हुई है। पहले रूस और यूक्रेन के बीच एक साल से अधिक दिनों से युद्ध चल रहा है। तो दूसरे तरफ इजरायल और फिलिस्तीन के साथ-साथ कई मुस्लिम देश में युद्ध का खतरा मंडरा रहा है। यानी कुल मिलाकर हम तीसरी विश्व युद्ध की ओर अग्रसर हैं। जिससे सबसे ज्यादा अगर नुकसान किसी को हो रहा है तो वह मजदूरों का हो रहा है। क्योंकि रोज व रोज मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार को भरण पोषण करना पड़ता है । केंद्र सरकार के जन विरोधी नीतियों के कारण लगातार महंगाई बढ़ रही है। जब से केंद्र में मोदी की सरकार आई है तब से मजदूरों पर हमला बड़े पैमाने पर जारी है। एक तरफ किसानों की जमीन कॉर्पोरेट के हवाले करना चाहती है तो दूसरे तरफ कॉर्पोरेट खेती के कारण खेत मजदूर की स्थिति बद से बदतर होता जा रहा है। मजदूरों के पलायन पर रोक लगाया जाए और राज्य में ही मजदूरों की काम की गारंटी की जाए। सम्मेलन में सर्वसम्मति से कन्हाई मल पहाड़िया को राज्य अध्यक्ष इम्तियाज खान को सचिव अर्जुन कुमार को उपाध्यक्ष और आर एन सिंह को सहायक सचिव सहित इकीस 21 सदस्य कमेटी का गठन किया गया 2 नवंबर से लेकर 5 नवंबर तक होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में झारखंड से 50 साथी भाग लेंगे और हजारों की संख्या में 26 नवंबर को राजभवन के समक्ष महा पड़ाव में भाग लेंगे ।सम्मेलन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक,अजय कुमार सिंह, गणेश महतो ,कन्हाई मल पहाड़िया ,अर्जुन कुमार ,धर्मवीर सिंह, इम्तियाज खान,किरण कुमारी, रणजीत कौल, नदिया मंडल ,कृष्ण गोरी ,मानिक सोरेन,जवाहर विश्वकर्मा जगदीश प्रसाद महतो ,पिंटू भैया, जमशेद अंसारी,बबलू दास, सुरेंद्र कुमार,सुरेंद्र दीक्षित,मोतीलाल मुर्मू,नेमन यादव,कुलेश्वर भुइयां,राजेंद्र बैठा,हीरेन बावड़ी सहित कई लोग मौजूद थे।

## समाज व संस्कृति बचाने के लिए नये सिरे से सोचना होगा : सालखन मुमू

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** आदिवासी समाज और संस्कृति को पुनर्जीवित करने के लिए आदिवासी समाज को नए सिरे से सोचना और चलना पड़ेगा। भारत देश की आजादी के बाद अधिकांश आदिवासी नेता आरक्षण का लाभ लेकर पद, प्रतिष्ठा और सत्ता का लाभ जरूर लिया है। मगर आदिवासी समाज के संरक्षण और समृद्धि में उनका योगदान नहीं के बराबर है।उक्त बातें पूर्व सांसद और आदिवासी सेंगेल अभियान के आध्यक्ष सालखन मुर्मू ने विज्ञप्ति जारी कर कही है। सालखन ने कहा कि लोकसभा में 47 आदिवासी सांसद और विधानसभाओं में 553 आदिवासी विधायकों का कुल योगदान अब तक क्या है? शायद नगण्य। झारखंड प्रदेश में सोरेन खानदान इसका एक दुर्भाग्यपूर्ण खोखला उदाहरण है। उसी प्रकार हजारों आदिवासी जन संगठन हैं। जो प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष उन्हीं पार्टियों और नेताओं के इर्द गिर्द परिक्रमा करते हैं। जिनका आदिवासी समाज के एजेंडा, एकता और समाज सुधार से कोई लेना-देना नहीं है। अभी जहां तहां आदिवासी जन संगठन कुर्मी महतो के आदिवासी बनने के जद्दोजहद का विरोध तो कर रहे हैं। मगर उन पार्टियों का विरोध नहीं करते हैं जो कुर्मी महतो को आदिवासी बनाने का अनुशंसा कर चुके हैं। यह दोगलापन भी आदिवासी समाज के साथ भीतरघात नहीं तो क्या है? सालखन ने कहा कि ओल चिकि हूल वैसी के नाम से कुछ ऐसे ही नेता संताली भाषा और उसकी लिपि- ओल चिकी के लिए अचानक एक दिन का झारखंड बंद किया।

संकल्प यात्रा >> रांची में होगा संकल्प यात्रा का समापन

# ऐतिहासिक होगा संकल्प यात्रा का समापन कार्यक्रमः गंगोत्री कुजूर




राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज रांची महानगर एवम रांची ग्रामीण जिला की संयुक्त बैठक संपन्न हुई जिसमे जिलों में निवास करने वाले प्रदेश पदाधिकारी,सांसद, विधायक गण दोनों जिलों के पदाधिकारी ,मंडल अध्यक्ष गण ,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शामिल हुए।

बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक एवम प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर ने किया। संचालन प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश मंत्री काजल प्रधान ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए गंगोत्री कुजूर ने कहा कि अबतक आठ चरण में 71विधानसभा क्षेत्र में संपन्न संकल्प यात्रा में जनता का को स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त हुआ है उससे स्पष्ट है कि समापन कार्यक्रम भी ऐतिहासिक होगा।उन्होंने सभी से कार्यक्रम की सफलता में चार चांद लगाने केलिए तन मन से जुट जाने का आह्वान किया।

प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू ने कहा कि पूरे प्रदेश में हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश है। जनता आज प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की बातों पर विश्वास करते हुए राज्य को भ्रष्टाचार,ध्वस्त विधि व्यवस्था,हत्या लूट ,बलात्कार से उबारने की उम्मीद कर रही है।उन्होंने कहा कि जनता राज्य सरकार को सबक सिखाने केलिये अवसर की प्रतीक्षा कर रही है।

उन्होंने कहा कि समापन कार्यक्रम में आने केलिए हम सब घर घर जाकर कार्यकर्ता जनता से आग्रह करें। जनता भाजपा की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि भाजपा की संकल्प यात्रा को जनभागीदारी ने जन संकल्प यात्रा में बदल दिया। इस यात्रा ने यह साबित कर दिया है कि भाजपा राज्य की जनभावनाओं की आवाज है। सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा ने जनता को भरोसा दिलाया है। जनता की टूटती उम्मीद को फिर भाजपा ही जोड़ सकती है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं को जनता के भरोसों पर खरा उतरना है। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि रांची के कार्यकताओं में बजरंगी ताकत है।इन्हे केवल ताकत का अहसास कराना पड़ता है। इनके प्रयासों से कई कार्यक्रमों ने इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि सभी अपनी जिम्मेवारी को निभाएं सफलता जरूर मिलेगी।

आज की बैठक में सुबोध सिंह गुड्डू,काजल प्रधान, शिवपूजन पाठक,प्रतुल शाहदेव,शोभा यादव, संतोष कुमार, सुनील गुप्ता, राजीव रंजन, मनोज मिश्रा, कमाल खान, लक्ष्मी चन्द दीक्षित, सूरज चौरसिया,रविनाथ किशोर,मुनचुन राय, अरुण झा,संदीप वर्मा, रमेश सिंह संजय महतो, बली सिंह,राजा महतो,गोपाल महतो,उत्पल शाहदेव,रामसाय मुंडा उपस्थित रहे।



अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर
## हमारी नज़र
web: www.rashtriyakhabar.com
पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 283
epaper.rashtriyakhabar.com
आश्विन, शुक्लपक्ष द्वितीया, विक्रम संवत 2080

### शारदीय नवरात्र

**द्वितीयम् ब्रह्मचारिणी**



दधाना कर पद्माभ्यामक्ष माला कमण्डलु।
देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥

### विदुर नीति

यः सर्वभूत प्रशमे निविष्टः सत्यो मृदुर्मान कृच्छुद्धभावः।

अतीव स ज्ञायते ज्ञातिमध्ये महामणिजीत्य इव प्रसन्नः॥

भावार्थ : अच्छी खदान से प्राप्त होनेवाली चमकदार और स्वच्छ मणि के समान ही वह व्यक्ति अपने सजातियों में प्रसिद्धि पाता है जो सभी की शांति हेतु प्रयास करता है, सत्य बोलता है, विनम्र तथा मधुर व्यवहार करता है, दूसरों का आदर करता है।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 30.00 °c | 18.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .25 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05 .44 बजे

## अफगानिस्तान में फिर भूकंप से एक व्यक्ति की मौत

**हेरातः** पश्चिमी अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में रविवार को भूकंप के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और 35 अन्य घायल हो गए। प्रांतीय सरकार के एक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया, स्थानीय समयानुसार आज सुबह 8:06 बजे हेरात में भूकंप के झटके महसूस किए गए।भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.2 मापी गयी। भूकंप का केंद्र जिंदाजान जिले में था। भूकंप से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 35 घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बयान में कहा गया है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रविवार सुबह हेरात और उसके आसपास कुछ ही मिनटों में दोबार भूकंप के झटके महसूस किए गए। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर को हेरात प्रांत में, भूकंप के कारण 2,000 से अधिक लोग मारे गए और हजारों घायल हो हुए थे।

## सड़क दुर्घटना में 12 की मौत, 18 घायल

**छत्रपति संभाजीनगरः** महाराष्ट्र में छत्रपति संभाजीनगर जिले के वैजापुर तालुका में समृद्धि एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात एक सड़क हादसे में 12 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक हादसे के समय पीड़ित सैलानी बाबा के दर्शन के लिए जा रहे थे। इस दौरान उनका टेम्पू खड़े ट्रक से टकरा गया,जिसके कारण 12 श्रद्धालुओं की मौत हो गयी तथा 18 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना कल देर रात यहां से लगभग 80 किलोमीटर दूर वैजापुर तालुका में जंबारगांव टोल बूथ के पास हुई। मृतकों में छह महिलाएं और एक चार महीने के बच्चा शामिल है। सभी 12 लोगों की मौके पर मौत हो गई। घायलों को छत्रपति संभाजीनगर के सरकारी चिकित्सा कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) में भर्ती कराया गया है।

## कार सवार युवकों से 11 लाख रुपये बरामद

**जगदलपुरः** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के नगरनार थाना क्षेत्र के धनपुंजी नाका पर चेकिंग के दौरान ओडिशा से छत्तीसगढ़ आ रही एक कार सवार युवकों से 11 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार कल चेकिंग के दौरान कार सवार दो युवकों एस जगन्नाथ राजू और एस चंदमौली दोनों निवासी कोरापुट के कब्जे से पालीथिन बैग में 500 के 18 बंडल, 200 के 11 बंडल, 500 के चार तथा 50 रुपये के एक नोट कुल 11 लाख 22 हजार 50 रुपये बरामद किया गया। संदेह के आधार पर राशि की जांच के लिए आयकर विभाग को सुपुर्द किया गया।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**शक्तिपीठ के तौर पर प्रसिद्ध मंदिर में भय दूर करने लोग आते हैं**

# उग्रतारा देवालय में 975 साल पुरानी दुर्गा पूजा परंपरा

- भक्तों की भारी भीड़ लगती है पूजा के मौके पर
- कई किंवदंतियां जुड़ी हैं इस प्राचीन मंदिर से
- अन्य धार्मिक समारोह भी होते हैं यहां

**राष्ट्रीय खबर**

**गुवाहाटीः** प्राचीन कामरूप के मध्य में स्थित, गुवाहाटी शहर एक प्रतिष्ठित मंदिर का घर है जो सदियों से देवी पूजा की प्रथा का केंद्र रहा है। उजान बाजार क्षेत्र में स्थित श्री श्री उग्रतारा देवालय, हिंदू पौराणिक कथाओं और इतिहास में एक अद्वितीय स्थान रखता है। यह मां तारा को समर्पित एक मंदिर है, जिन्हें सती का अवतार माना जाता है, और यह दुर्गा पूजा और अन्य पवित्र अनुष्ठानों की समृद्ध परंपरा के लिए जाना जाता है। योगिनी तंत्र, कालिका पुराण और गरूर पुराण जैसे ग्रंथों के कालानुक्रमिक क्रम के अनुसार, प्राचीन



कामरूप को देवी पूजा के अभ्यास के लिए जीवन केंद्र के रूप में वर्णित किया गया है।

कालिका पुराण में प्रसिद्ध रूप से कहा गया है, अन्यत्र विरल देवी, कामरूपे गृहे गृहे, जिसका अर्थ है, दुनिया के अन्य हिस्सों में, देवी की उपस्थिति का पता लगाना मुश्किल है, लेकिन कामरूप में, यह हर घर में है। महातीर्थ के रूप में यह पदनाम इस क्षेत्र और देवी पूजा के बीच गहरे संबंध को रेखांकित करता है। श्री श्री उग्रतारा देवालय किंवदंतियों और पौराणिक कथाओं में डूबा हुआ है। ऐसा माना जाता है कि यह भगवान शिव की पहली पत्नी सती की कहानी से जुड़ा है। जब दक्ष ने शिव को यज्ञ में आमंत्रित न करके उनका अपमान किया, तो सती ने अपनी लौकिक शक्तियों का उपयोग करके आत्मदाह कर लिया। क्रोधित होकर, शिव ने सती के शरीर ›› पेज 2 भी देखें

**संघर्ष** › गाजा के अलावा भी कई मोर्चों पर जूझ रही है इजरायली सेना

# हमास के हमले में 279 इजरायली सैनिक मारे गये

- गाजा पट्टी में 126 बंधक मौजूद हैं
- बंधकों के मारे जाने पर आरोप जारी
- सीरिया और लेबनान से भी हो रहा हमला

**राष्ट्रीय खबर**



**तेल अवीवः** हमास -इजरायल संघर्ष की शुरुआत के बाद से मारे गए इजरायली सैनिकों की संख्या 279 तक पहुंच गई है। इस संघर्ष के दौरान अब तक 3500 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इजरायली मीडिया ने रविवार को इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) के हवाले से यह जानकारी दी। हारेत्ज अखबार ने कहा कि गाजा पट्टी में बंधक बनाए गए लोगों की संख्या 126 तक पहुंच गई है। इजरायल ने 20 लाख से अधिक लोगों के घर गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति में कटौती की। इजरायल और फिलिस्तीन दोनों ने तनाव बढ़ने के परिणामस्वरूप 1,000 से अधिक लोगों की मौत तथा हजारों लोगों के घायल होने की सूचना दी है। इजरायल ने रविवार को गाजा में जमीनी हमले की तैयारी के लिए दबाव डालाना शुरू किया। इजरायल ने फिलिस्तीनी क्षेत्र के उत्तर में रहने वाले लगभग 11 लाख गाजा निवासियों को जमीनी घुसपैठ करने से पहले दक्षिण की ओर जाने की चेतावनी दी है, जिसके बारे में सेना ने संकेत दिया है कि वह गाजा सिटी पर ध्यान केंद्रित करेगी, जो हमास समूह के नेतृत्व का आधार इजरायली सेना ने कहा कि हमास द्वारा अपहरण किए गए दर्जनों बंधकों में से कुछ के शव गाजा में अभियानों के दौरान प्राप्त हुए। हमास ने इससे पहले कहा था कि इजरायली बमबारी में 22 बंधक मारे गए हैं।

चीन के राजदूत झाई जून संघर्ष विराम और शांति वार्ता को बढ़ावा देने के लिए अगले सप्ताह पश्चिम एशिया का दौरा करेंगे। सऊदी अरब ने भी तत्काल संघर्ष विराम के लिए दबाव डाला है। रूस ने कहा है कि उसने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से ›› पेज 2 भी देखें

अग्निवीर प्रशिक्षण की सफलता पर उठ गये सवाल

# अपनी ही गोली से मरा अमृतपाल सिंह

- सोशल मीडिया के जरिए बात बाहर निकली
- अपना राइफल ठीक से संभाल नहीं पाया
- सेना की तरफ से स्पष्टीकरण भी जारी

**राष्ट्रीय खबर**



**नईदिल्लीः** जब अग्निवीर योजना लागू की गयी उसी वक्त अनेक स्तरों पर इसकी सफलता पर सवाल खड़े कर दिये गये थे। अनेक पूर्व सैन्य अधिकारियों ने भी कहा था कि एक सैनिक को पूरी तरह मानसिक, शारीरिक और तकनीकी तौर पर तैयार करने में कमसे कम छह साल का समय लगता है। ऐसे में इतने कम समय में सेना का प्रशिक्षण पाने वाले क्या सफलता हासिल कर पायेंगे। इस चिंता का नमूना तब सामने आया जब एक सैनिक को सैनिक सम्मान नहीं दिये जाने का सवाल सोशल मीडिया पर छा गया। पंजाब के मनसा के रहने वाले अग्निवीर अमृतपाल सिंह ने एक महीने पहले ही जम्मू-कश्मीर के पुंछ क्षेत्र में अपनी सेवा शुरू की थी। दुर्भाग्य से, 10 अक्टूबर को उन्हें मृत पाया गया। अग्निवीर को उनके निधन के बाद गार्ड ऑफ ऑनर या सैन्य अंतिम संस्कार नहीं मिलने के संबंध में सोशल मीडिया पर नाराजगी के बाद, व्हाइट नाइट कोर ने शनिवार को एक स्पष्टीकरण ›› पेज 2 भी देखें

मणिपुर में पुलिस से लूटे गए भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद फिर से बरामद

# पुलिस के गोदाम से ही लूटे गये थे हथियार

- आतंकवादी समूह के लोगों ने की थी कार्रवाई
- केवाईकेएल के पांच सक्रिय सदस्य गिरफ्तार
- केंद्र से मुक्त आवाजाही समाप्त करने की अपील

**भूपेन गोस्वामी**



**गुवाहाटी :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मणिपुर से एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी के अधिकारी ने आज यह जानकारी दी। उनका दावा है कि आरोपी म्यांमार स्थित एक आतंकी समूह का सदस्य है। वह देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए मणिपुर में जातीय हिंसा का इस्तेमाल करने की साजिश रच रहा था।एनआईए के एक प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी की पहचान मोइरांगथेम आनंद सिंह के रूप में हुई है। उसे पूछताछ के लिए नई दिल्ली लाया गया है। वह मणिपुर पुलिस द्वारा अपने गोदाम से लूटे गए हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किए गए पांच लोगों में से एक था।एनआईए ने 19 जुलाई को नई दिल्ली में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। उन्होंने जांच से पाया था कि वह साजिश को आगे बढ़ाने के लिए सुरक्षा बलों पर हमला करने के लिए अपनी ताकत बढ़ा रहा था। वह कैडर और समर्थकों की भर्ती कर रहे हैं।

प्रवक्ता ने बताया कि वह ›› पेज 2 भी देखें

**15.21 करोड़ रुपये सोना और 56.3 लाख रुपये जब्त**

**चेन्नई :** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने इस सप्ताह तमिलनाडु के चेन्नई और त्रिची में चलाये गए तीन अलग-अलग अभियानों में, 15.21 करोड़ रुपये मूल्य का 25 किलोग्राम तस्करी का सोना और 56.3 लाख रु. मूल्य की भारतीय मुद्रा जब्त कीं। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक डीआरआई के अधिकारियों को विशिष्ट खुफिया जानकारी प्राप्त हुई थी कि श्रीलंका से सोने की तस्करी की गई थी और इसे नागपट्टिनम जिले के तटीय क्षेत्र से होते हुए एक कार में चेन्नई ले जाया जा रहा है।

अधिकारियों ने 13 अक्टूबर की शाम को मद्रास उच्च न्यायालय के पास एक मारुति डिजायर कार को रोका और पाया कि दो लोग कार में सोने का आदान-प्रदान कर रहे थे। उनके पास से 11.794 किलोग्राम वजन का विदेशी सोना और 2,30,000 रुपये की भारतीय मुद्रा बरामद की गयी। इसके अलावा, अधिकारियों ने तस्करी के सोने को ले जा रही कार को भी जब्त कर लिया। दूसरे व्यक्ति द्वारा लाया गया दोपहिया वाहन और सोने के प्राप्तकर्ता दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

द्रमुक के महिला अधिकार सम्मेलन में सोनिया और प्रियंका भी शामिल हुई

# इंडिया की जीत महिलाओं के अधिकार सुनिश्चित करेगी: स्टालिन

- भाजपा का मकसद तानाशाही ही है
- महिला आरक्षण पर धोखा दिया गया
- एकता का संदेश महिलाएं फैलाएं

**राष्ट्रीय खबर**

**चेन्नईः** आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए विपक्षी दलों के बीच एकता का आह्वान करते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रमुक अध्यक्ष एम.के.स्टालिन ने कहा है कि भाजपा को निर्णायक रूप से हराना भारत में हर लोकतांत्रिक ताकत के लिए ऐतिहासिक अनिवार्यता है तथा इंडिया गठबंधन की जीत न केवल महिलाओं बल्कि सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करेगी। द्रमुक की महिला इकाई की ओर से आयोजित महिला अधिकार सम्मेलन में अपने संबोधन में श्री स्टालिन ने संसद में पारित महिला आरक्षण विधेयक के तत्काल कार्यान्वयन की मांग की। उन्होंने उपस्थित सभी नेताओं से महिलाओं ›› पेज 2 भी देखें



**राजीव गांधी को याद कर भावुक हुई प्रियंका**

चेन्नई: कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा उस काली रात को याद कर भावुक हो उठीं जब 30 साल पहले महज 19 साल की उम्र में अपने पिता राजीव गांधी का पार्थिव शरीर लेने यहां पहुंची थी। महिला अधिकार सम्मेलन में अपना संबोधन शुरू करते हुए सुश्री वाड्रा भावुक हो गईं। उन्होंने भावुक आवाज में कहा,लगभग बत्तीस साल पहले, मेरे जीवन की सबसे अंधेरी रात में तमिलनाडु की इस भूमि पर कदम रखा था। सुश्री वाड्रा ने कहा ,मैं उन्नीस साल की थी जबकि मेरी मां आज मेरी जितनी उम्र है उससे कुछ ही साल छोटी थीं। अचानक, नीली साड़ी पहने महिलाओं की भीड़ ने हमें घेर लिया। उन्होंने कहा,वे हवाईअड्डे पर काम करने वाली महिलाएं थीं, उन्होंने मेरी मां को अपनी बाहों में जकड़ लिया और उनके साथ ऐसे फूट-फूटकर रोई जैसे कि वे सभी मेरी मांएं हों, जैसे कि उन्होंने भी अपने प्रिय को खो दिया हो। उन्होंने कहा,उन साझा आंसुओं में, मेरे दिल और तमिलनाडु की महिलाओं के बीच एक ऐसा बंधन बन गया जिसे मैं न तो समझा सकती हूं, न ही कभी मिटा सकती हूं।

**परिणाम** › कृत्रिम बुद्धिमत्ता का नया कमाल विज्ञान जगत में नई क्रांति

# चंद सेकंड में तैयार कर दिया खास रोबोट

- महज 26 सेकंड में तैयार किया यह यंत्र
- शोधकर्ता मानते हैं कि भविष्य की खोज है
- खुद ही रोबोट के तीन पैर तैयार कर दिये

**राष्ट्रीय खबर**



**रांचीः** कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग अब दैनंदिन कार्यालयीन कार्यों के अलावा जटिल कंप्यूटर गणनाओं में होने लगा है। इससे काफी तेज गति से परिणाम हासिल हो रहे हैं। दूसरी तरफ यह चिंता भी बढ़ती जा रही है कि इस ए आई विधि की वजह से दुनिया में करोड़ों लोग धीरे धीरे बेरोजगार होते चले जाएंगे। इस बहस के बीच ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने चंद सेकंड के भीतर अपनी सोच से एक रोबोट तैयार करने में सफलता हासिल की है। 2020 की शुरूआत में, क्रेगमैन ने जेनोबोट्स विकसित करने के लिए व्यापक मीडिया का ध्यान आकर्षित किया, जो पूरी तरह से जैविक कोशिकाओं से बने पहले जीवित रोबोट थे। अब, क्रेगमैन और उनकी टीम अपने नए एआई को कृत्रिम जीवन की क्षमता का पता लगाने की अपनी खोज में अगली प्रगति के रूप में देखते हैं। रोबोट अपने आप में साधारण है - छोटा, ›› पेज 2 भी देखें

**नॉर्थवेस्टर्न के सैम क्रेगमैन, जिन्होंने कार्य का नेतृत्व किया ने बताया**

नॉर्थवेस्टर्न के सैम क्रेगमैन, जिन्होंने कार्य का नेतृत्व किया ने बताया, हमने एक बहुत तेज एआई-संचालित डिजाइन एल्गोरिदम की खोज की जो मानव डिजाइनरों के पूर्वाग्रह पर वापस आए बिना, विकास के ट्रैफिक जाम को बायपास करता है। हमने एआई से कहा कि हम एक ऐसा रोबोट चाहते हैं जो जमीन पर चल सके। फिर हमने बस एक बटन दबाया और इसने पलक झपकते ही एक ऐसे रोबोट का खाका तैयार कर दिया जो पृथ्वी पर कभी आए किसी भी जानवर जैसा नहीं दिखता। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के शोधकताओं के नेतृत्व में एक टीम ने अब तक की पहली कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विकसित की है जो शुरूआत से ही बुद्धिमानी से रोबोट डिजाइन कर सकती है। नए एआई का परीक्षण करने के लिए, शोधकताओं ने सिस्टम को एक सरल संकेत दिया कि एक ऐसा रोबोट डिजाइन करें जो सपाट सतह पर चल सके। याद दिला दें कि धरती पर सपाट सतह पर चलने वाली प्रजाति को विकसित होने में अरबों साल लगे थे।

दो छात्रों की हत्या से दोबारा अशांत हो गया था पूरा राज्य

# पुणे से गिरफ्तार मणिपुर के छात्रों का हत्यारा

**उत्तर पूर्व संवाददाता**



**गुवाहाटीः** मणिपुर में दो छात्रों की हत्या के मुख्य आरोपी को सीबीआई ने पुणे से गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई के मुताबिक, घटना के बाद आरोपी युवक मणिपुर से भाग गया। पुणे में वह खुद को छिपाकर रखने की कोशिश कर रहा था। लेकिन मोबाइल की वजह से जांचकर्ता उसकी हरकतों पर नजर रख रहे थे। 11 अक्टूबर को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसे सीबीआई ने हिरासत में ले लिया। इसके बाद जब आरोपी को गुवाहाटी की निचली अदालत में पेश किया गया तो जज ने युवक को 16 अक्टूबर तक सीबीआई हिरासत में भेजने का आदेश दिया। बता दें कि अशांत मणिपुर में 6 जुलाई से दो छात्र लापता थे। हाल ही में ›› पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### युवा कांग्रेस ने की प्रखंड अध्यक्षों की घोषणा

**तमाड़ :** रविवार को विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष नीतीश पांडे ने तमाड़ विधानसभा अन्तर्गत अड़की प्रखंड में प्रखंड अध्यक्षों की घोषणा की है। तमाड़ पूर्वी प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी को बनाया गया है। तमाड़ पश्चिमी का प्रखंड अध्यक्ष रोशन कामती को बनाया गया है। अड़की प्रखंड का अध्यक्ष प्रकाश मुण्डा एवम बुण्डू प्रखंड अध्यक्ष किशन लायक बनाएं गये हैं।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### सिटी पार्क में स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान ने चलाया स्वच्छता अभियान

**बोकारो :** शारदीय नवरात्र के शुभारंभ पर रविवार को स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के पर्यावरण संरक्षकों द्वारा संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल के नेतृत्व में सिटी पार्क में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर श्री मुकुल ने कहा कि स्वच्छता हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है तथा एक स्वस्थ नागरिक देश के विकास में अहम भूमिका निभा सकता है। देश में स्वास्थ्य के मद में हर वर्ष सरकार का लगभग सात हजार करोड़ का बजट होता है। साथ ही साथ आम जन का भी लगभग इतना ही अपनी जेब से खर्च होता है जिसका बहुत बड़ा हिस्सा स्वच्छता के माध्यम से बचाया जा सकता है जो देश के अन्य विकास मद में खर्च कर सकते हैं। सबों को अपने आसपास और कार्य स्थलों को साफ रखने का संकल्प लेना होगा तभी देश के हर हिस्से को स्वच्छ रखा जा सकता है और यह सबों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। कार्यक्रम में जिला पशुपालन पदाधिकारी डा. मनोज कुमार मानी, आरके प्रसाद, बबलू पांडेय, राहुल गोस्वामी और रित्विक कुमार सहित कई पर्यावरण संरक्षकों ने इस स्वच्छता अभियान में भाग लेकर सिटी पार्क में आयोजित स्वच्छता अभियान को सफल बनाया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### केएम मेमोरियल अस्पताल में 2 वर्ष के बच्चे को मिली आंखों की रोशनी

**चास :** चास स्थित केएम मेमोरियल हॉस्पिटल में शहर के जाने माने नेत्र चिकित्सक डॉ आलोक कुमार ने 2 वर्ष के बच्चे की आंख की सर्जरी की। जिसमें ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा और बच्चे को आंखों की रोशनी मिल गई। बच्चे के माता-पिता ने डॉ आलोक कुमार एवं हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ विकास कुमार पांडे का आभार व्यक्त किया। बताते चलें कि चौपारण के मुन्ना भुइंया और संजीता देवी के दो वर्षीय पुत्र आकाश को कांन्जेटल केटरेक्ट नामक बीमारी थी, जो कि बाद में स्थायी नेत्रहीनता का कारण बनती। निराशा में जी रहे अभिभावक बच्चे को लेकर चौपारण से केएम मेमोरियल हॉस्पिटल पहुंचे।

### त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल को मिली प्लस 2 सीबीएसई की मान्यता

**जैनामोड़ :** जरीडीह प्रखंड के अंतर्गत बहादुरपुर में संचालित त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल को दिल्ली बोर्ड से प्लस 2 सीबीएसई का मान्यता प्राप्त हो गई है। इस मान्यता को मिलने से अब पूरी ?शिक्षा प्राप्त करने की सपना अपने विद्यालय में ही पूरा हो सकेगा। उक्त संबंध में विद्यालय के निदेशक सुरेश कुमार ने कहा कि इस ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को प्लस 2 सीबीएसई बोर्ड की शिक्षा उपलब्ध कराने की इच्छा थी। इसीलिए बोर्ड की सभी अर्हताओं को पूरा करने में काफी मेहनत किया। ताकि इस क्षेत्र के गरीब परिवार के बच्चे भी उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद देश के परिवार और समाज के नाम को रोशन कर सकें। विद्यालय प्रधानाचार्य प्रीति कुमारी ने कहा कि यह सकारात्मक पहल का परिणाम है। बोर्ड के द्वारा निर्देश के अनुसार सभी अर्हताएं पूरी करने के बाद ही सीबीएसई की मान्यता प्राप्त हुई है।

**सरना कोड** 8 नवंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में सरना धर्म कोड जनसभा आयोजित

# आदिवासी प्रकृति पूजक है लेकिन अभी तक हमें धार्मिक मान्यता नहीं : जयराम

● संताली भाषा को अभी तक झारखण्ड की प्रथम राजभाषा का दर्जा नहीं दिया



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** आदिवासी सेंगेल अभियान की एक बैठक बोकारो जिला चंदनकियारी प्रखंड के अंतर्गत शहरजोरी पंचायत के हराईकुरवा गांव में की गई। अध्यक्षता नंगरा पंचायत सेंगेल महिला मोर्चा अध्यक्ष अल्का बेसरा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए आदिवासी सेंगेल अभियान के बोकारो जोनल संयोजक जयराम सोरेन ने कहा कि आदिवासी सेंगेल अभियान और इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद सालखन मुर्मू के नेतृत्व में आगामी 8 नवंबर को झारखंड की राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में सरना धर्म कोड जनसभा आयोजित है। इसमें बिहार, बंगाल, असम, उड़ीसा, झारखंड, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश सहित नेपाल, भूटान और बंगला देश से भी आदिवासी शामिल होंगे, इसलिए आप लोग भी अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर जनसभा को सफल बनाएं। कहा कि हम अधिसंख्यक आदिवासी हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आदि नहीं है, हम प्रकृति पूजक है लेकिन अभी तक हमें धार्मिक मान्यता नहीं मिला है जो हमारे मौलिक अधिकार का मामला है। झारखण्ड की हेमंत सोरेन सरकार सरना धर्म कोड की जगह ठगने और ईसाई आदिवासियों को खुश करने के लिए सरना आदिवासी धर्म कोड की अनुशंसा करते हैं तथा पत्र लिखते हैं, चूंकि उनको आदिवासी समाज से ज्यादा वोट की कुर्सी की और पार्टी की चिंता है।

इसी तरह राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त संताली भाषा को अभी तक झारखण्ड की प्रथम राजभाषा का दर्जा नहीं दिया है। वहीं शहरजोरी पंचायत सेंगेल परगना मंटुलाल हेम्ब्रम, शहरीकरण पंचायत महिला सेंगेल टावर मंगली हेम्ब्रम, हराईकुरवा गांव महिला विलेज सेंगेल टावर पूजा मुर्मू और बादल हेम्ब्रम पुरुष सेंगेल टावर नियुक्त किया गया। बैठक में जिला सेंगेल छात्र मोर्चा अध्यक्ष कोमल किस्कू, कृष्णा किस्कू, सूरजमुखी हेम्ब्रम, मोचीराम मुर्मू, रामनाथ हेम्ब्रम, खगेंद्र नाथ हांसदा, लक्ष्मी मुर्मू, रामप्रसाद मुर्मू, फूलोहरी हेम्ब्रम आदि महिला पुरुष थे।

## पीरामल फाउंडेशन का डीएसडब्ल्यू के साथ हुई समीक्षा बैठक



राष्ट्रीय खबर

**खूंटी :** पीरामल फाउंडेशन का डीएसडब्ल्यू के साथ हुई समीक्षा बैठक के उपरांत आकांक्षी प्रखण्ड कर्रा में आंगनवाड़ी सेविकाओं के द्वारा संदर्भित पोषण ऐप के संचालन में आंगनवाड़ी सेविकाओं के सहयोग एवं प्रशिक्षण की आवश्यकता को समझते हुए आकांक्षी प्रखण्ड कर्रा के सीडीपीओ एवं एलएस के मार्गदर्शन में पीरामल फाउंडेशन की टीम ने सभी सेविकाओं को सहयोग एवं प्रशिक्षण प्रदान करने का कार्य प्रारंभ किया। जिसके अंतर्गत 10 दिनों का प्रशिक्षण देने के लिए कर्रा के सीडीपीओ और एलएस के साथ पिरामल फाऊंडेशन की टीम में संयुक्त रूप से प्रोग्राम डिजाइन किया जिसका नाम संवर्धन कार्यक्रम रखा गया।

संवर्धन कार्यक्रम के अनुसार कर्रा के 19 पंचायतो के सारी सेविकाओं को व्यवसायिक ऐप के संचालन हेतु सहयोग एवं प्रशिक्षण दिया गया। आईसीडीएस विभाग से डीएसडब्ल्यूओ खूंटी श्रीमती बसंती, सीडीपीओ कर्रा श्रीमती पदमश्री कश्यप, एलएस कर्रा श्रीमती कुमारी रश्मि तथा पिरामल फाऊंडेशन से शिवान्श सिंह, सोनल आंब्रे, अखिल, और प्रनिधि ने सक्रिय योगदान देकर आकांक्षी प्रखण्ड के इंडिकेटर में सकारात्मक कार्यवाही किया।

## देशी पिस्तौल व कट्टा के साथ दो गिरफ्तार, भेजा जेल



राष्ट्रीय खबर

**चांडिल :** अधीक्षक पुलिस सराईकेला खरसवां को गुप्त सूचना मिली थी। कि कपाली के तामोलिया काराधरा में कुछ अपराधकर्मी बैठे हुए हैं। जो पिस्तौल गोली से लैस है तथा किसी बड़े घटना को अंजाम दे सकते हैं। सूचना के आलोक में बिना विलंब किए कपाली ओपी प्रभारी शस्त्र बल के साथ छापेमारी की गई। जिसमें कुख्यात अपराधकर्मी विजय तिर्की को एक देशी पिस्तौल जिंदा गोली एवं पल्सर मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बात की जानकारी संवाददाता सम्मेलन में रविवार को एसडीपीओ कार्यालय में डीएसपी संजय कुमार सिंह ने दी। इस दौरान डीएसपी ने कहा कि गिरफ्तार विजय तिर्की एक कुख्यात अपराध कर्मी है। तथा पेशेवर हत्यारा है। इनके विरुद्ध पूर्व में भी हत्या और अन्य कोई जघन्य कांड दर्ज है। उन्होंने कहा कपाली ओपी में दर्ज एक हत्या के मामले में विजय तिर्की अभी तक फरार चल रहे थे। जिसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए एक बड़ी कामयाबी है।

वही डीएसपी ने कहा शनिवार को विशेष वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कपाली के अलबेला गार्डन के पास भागते हुए एक व्यक्ति को पकड़कर तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा एवं गोली बरामद किया गया। उन्होंने इस संबंध में कहा कि मो बरकत अली को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ ओपी में मामला दर्ज कर अनुसंधान की जा रही है। डीएसपी ने कहा कि दोनों अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं उनके पास से बरामद हथियार पुलिस के लिए एक बड़े उपलब्धि है। जिससे क्षेत्र में अपराधकर्मियों का मनोबल गिरेगा। प्रेस वार्ता में ओपी प्रभारी संदीप कुमार, रामनाथ बानरा आदि उपस्थित थे।

## लिने डेस्टिनेशन का विशेष शोरूम राजधानी में हुआ लांच



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** प्रतिआदित्य बिड़ला समूह के फैशन ब्रांड और भारत के सबसे बड़े लिनन गतव्य लिनन राधी क्लब कॉम्प्लेक्स, एमजी रोड, रांची में अपना पहला विशेष शोरूम लॉन्च किया है। यह लिनेन क्लब का झारखंड में 5वां स्टोर होगा, रांची में अपने नवीनतम स्टोर के अलावा अन्य लिनन क्लब स्टोर धनबाद, जमशेदपुर और बोकारो में हैं। यह विस्तार देश भर के बाजारों में लिनन के लिए एक मजबूत प्राथमिकता को बढ़ावा देने की ब्रांड की रणनीति के अनुरूप है, जहां लिनन के लिए प्राथमिकता गति पकड़ रही है। त्योहारी सीजन नजदीक आ रहा है।

शहर प्रत्याशा से भरा हुआ है, नए स्थलों का पता लगाने और सुंदरता और शैली का स्पर्श अपनाने के लिए उत्सुक है। हाल ही में खोला गया लिनेन क्लब स्टोर फैशन के प्रति उत्साही लोगों के लिए स्वर्ग है, जो कपड़ों में 3000 से अधिक डिजाइन और पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए परिधानों का एक व्यापक संग्रह पेश करता है। शर्ट और ट्राउजर से लेकर शॉट्र्स, टी-शर्ट, जॅकेट, कुर्ता और बहुत कुछ, यह स्टाइलिश वर्गीकरण निश्चित रूप से आगामी त्योहारी सीजन के लिए शहर के कई लिनन प्रेमियों के लिए तैयार होगा। आदित्य बिड़ला ग्रुप में डोमेस्टिक टेक्सटाइल के सीईओ सत्यकी घोष ने कहा, हम रांची में अपने नए शोरूम के लॉन्च के साथ झारखंड में अपने पदचिह्न का विस्तार करने के लिए है। हमारे लिनन कपड़े हमेशा लिनन प्रेमियों के बीच एक पसंदीदा विकल्प रहे हैं। चूंकि हम त्योहारों बहुत उत्साहित और खरीदारी के मौसम के बहुत करीब हैं, अब हम लिनेन के शौकीनों के लिए एक और विशेष गंतव्य का विस्तार कर रहे हैं। नए स्टोर में लिनेन आधारित परिधानों के साथ-साथ हमारे कपड़ों की पूरी श्रृंखला होगी। हमारा लिनेन आधारित अवसर परिधान बेजोड आराम और शैली का मिश्रण है।

## जंतर-मंतर में धरना प्रदर्शन को सफल बनाने को लेकर तैयारी बैठक

राष्ट्रीय खबर



**चास :** केंद्र सरकार द्वारा किसानों के साथ वादाखिलाफी के सवाल एवं 8 सूत्री मांगों को लेकर ऑल इंडिया किसान मजदूर संगठन द्वारा 1 नवंबर को जंतर-मंतर दिल्ली में एक दिवसीय आयोजित धरना प्रदर्शन को सफल बनाने को लेकर चास के तेलुडीह स्थित एनजेएम प्ले स्कूल में बोकारो जिला कमेटी की ओर से तैयारी बैठक की गई। अध्यक्षता धूर्जटि घोष व संचालन जगन्नाथ रजवार ने किया। संगठन के केन्द्रीय कार्यालय सचिव असित मंडल कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लायी गई तीन कृषि कानून के खिलाफ किसानों की एक बड़ी आंदोलन से केंद्र सरकार ने किसानों के साथ किये गये। एमएसपी, बिजली संशोधन बिल 2022 वापस वादे पूरी नहीं होने से संगठन एक नवंबर को केंद्र सरकार के खिलाफ उन वादे समेत आठ सूत्री मांगों को लेकर जंतर मंतर दिल्ली में धरना प्रदर्शन आयोजन की है। वहीं जिला सचिव हरिपद महतो ने कहा कि धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए जिले से भारी संख्याओं में शामिल होगें। मौके पर डॉ.नागेश्वर महतो, ज्योतिलाल महतो, भरत राय, जीएन महतो, नुनिवाला उरांव, राजु रजवार, सरोज कुमार महतो, श्रीराम मांझी, कमला प्रसाद महतो, मारुति महतो, अनिल चंद्र महतो, फलहारी महतो शामिल हुए।

**मनमानी** आदेश के अनुसार घरों में नहीं लगाया जा रहा है आवास नंबर प्लेट

# ग्रामीण क्षेत्रों के मकानों पर नहीं लगा रहा है नारा युक्त नंबर प्लेट

- पंचायत के हर आवास पर एड्स का ज्ञान बचाएं
- साक्षर परिवार सुखी परिवार
- हम दो हमारे दो
- दो बूंद की शक्ति पोलियो से मुक्ति




राष्ट्रीय खबर

**बोकारो :** ग्रामीण क्षेत्रों के मकानों पर एड्स का ज्ञान बचाएं, साक्षर परिवार सुखी परिवार, हम दो हमारे दो, दो बूंद की शक्ति पोलियो से मुक्ति आदि प्रचार-प्रसार नारा युक्त नंबर प्लेट लगाना है। लेकिन इन नारा युक्त नंबर प्लेट ग्रामीण क्षेत्रों के आवास पर नहीं लगाकर स्वच्छ भारत, आयुष्मान भारत लिखित नंबर प्लेट लगाया जा रहा है। पत्रांक के अनुसार हर पंचायतों के मुखियाओं को चास बीडीओ ने लिखित आदेश देकर गांव के सभी आवास में नंबर प्लेट लगाने का निर्देश दिया है। लेकिन चास प्रखंड के पंचायत के मुखियाओं ने कहा कि हमारे पंचायत में जो नंबर प्लेट लगाया जा रहा है, वह पत्रांक के आदेशानुसार नहीं लगाया जा रहा है। हर आवास पर नंबर प्लेट लगाने के लिए भारतीय जनकल्याण फाउंडेशन सदर रांची द्वारा पचास रुपए लिया जा रहा है। चास प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी मुखियाओं को लिखित निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत के हर आवास पर एड्स का ज्ञान बचाएं, साक्षर परिवार सुखी परिवार, हम दो हमारे दो, दो बूंद की शक्ति पोलियो से मुक्ति आदि नारा युक्त नंबर प्लेट लगाना है। नंबर प्लेट भारतीय जनकल्याण फाउंडेशन सदर रांची द्वारा लगाया जाना है। नंबर प्लेट लगाने के लिए मकानों के मालिक को रशीद प्राप्त कर पचास रूपया देंगे। आवास में नंबर प्लेट लग जाने से भविष्य में स्वास्थ्य सर्वेक्षण, बिजली व्यवस्था, मतदाता सूची, राशन कार्ड आदि बनवाने में प्रशासनिक कार्यों में सुविधा होगी।

## न्यूज फटाफट

### विधायक ने किया अंचल कार्यालय के कर्मियों के आवास का उद्घाटन



**चांडिल :** नीमडीह प्रखंड कार्यालय परिसर में रविवार को नवरात्र के प्रथम दिन पांच करोड़ 35 लाख रुपये की लागत से बने नवनिर्मित प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी, पर्यवेक्षीय / तृतीय /चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास का उद्घाटन विधायक सविता महतो ने विधिवत रूप से शिलापट्ट अनावरण व फीता काटकर किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा कि नीमडीह प्रखंड मुख्यालय में आवासों का निर्माण पांच करोड़ 35 लाख रुपये की लागत से किया गया। उन्होंने कहां प्रखंड मुख्यालय में नए आवासों का निर्माण होने से प्रखंड में पदस्थापित पदाधिकारी व कर्मचारियों को प्रखंड कैंपस में ही रहने कि सुविधा होगी और समय पर काम करने में सुविधा होगी। मालूम हो कि इसके उपरांत विधायक सविता महतो ने रामनगर के सीमा गांव में 25 केबीए का नए ट्रांसफार्मर का भी विधिवत उद्घाटन फीता काटकर किया। इस अवसर पर अंचल अधिकारी प्रणव अम्बस्ट, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार एस अभिनव, उप प्रमुख सेफाली महतो, मुखिया सुलोचना देवी, दमयंती सिंह, केंद्रीय सदस्य पप्पू वर्मा, काबलु महतो, अशोक महतो, प्रखंड अध्यक्ष हरिदास महतो, हरेकृष्ण सिंह सरदार, पटल महतो, सचिन महतो समेत, नीलकमल महतो, जिला सह सचिव धरमु गोप, विश्वनाथ गोप, केशव महतो, हरिपोदो महतो, नवकिशोर महतो, कित्तीवास महतो, टिंकू महतो, ओम प्रकाश महतो विभिन्न पंचायत के मुखिया समेत काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कलश स्थापना के साथ माता के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की अराधना



**बेड़ो :** शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन श्री श्री दुगापूर्जा महासमिति बेड़ो के तत्वावधान में रविवार को दुर्गा मंदिर परिसर से नगर भ्रमण के लिए कलश यात्रा निकाली गई। तत्पश्चात छठ डुकु तालाब से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुजारी अशोक पंडा के नेतृत्व में जल उठाया गया। जिसके साथ ही महादानी मंदिर की परिक्रमा कर नव निर्मित दुर्गा मंदिर में कलश स्थापना की गई। जहां कन्याओं ने उपवास रखते हुए नवाह्न परायण पाठ किया। वहीं संध्या में देवी दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की महा आरती के साथ आराधना किया गया। कलश यात्रा में श्री श्री दुर्गा पूजा महा समिति के अध्यक्ष साधन कुमार राय, सचिव उमेश महतो, उपाध्यक्ष परना महतो, संरक्षक सुमित्रा शर्मा, सुदामा बर्मा, तपेश्वर सोनी, रमेश गुप्ता, पंकज गुप्ता, संजीत दुबे, रोशन सोनी, राहुल रक्षित, मनोरंजन देवघरिया, मुकेश गोप शामिल थे।

### सांसद ने किया प्रखंड कार्यालय के नये भवन का उद्घाटन

**गुवा :** पश्चिमी सिंहभूम प्रखंड नोवामुन्डी अंतर्गत नोवामुन्डी में प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचलाधिकारी, पर्यवेक्षक क्वार्टर, तृतीय वर्गीय एवं चतुर्थ वर्गीय स्टाफ क्वार्टर का भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास आज रविवार को सांसद गीता कोड़ा एवं विधायक सोनाराम सिंकु के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे प्रखंड विकास पदाधिकारी अनुज बांडो, 20 सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मनजीत प्रधान, यूथ इंटक जिला अध्यक्ष कुतुबुद्दीन खान, केकेसी जिला अध्यक्ष असलुद्दीन खान, नोवमुण्डी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर मनोजित विश्वास, नोवमुण्डी बाजार समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, अनवर खान, जिला सचिव लालमोहन दास, हरप्रीत सिंह, राणा बोस, आमिर अंसारी, दानिश हुसैन, ममूर अंसारी, विनीत गोप, प्रदीप प्रधान, बसंत गोप, संजीत त्रिया विलास प्रजापति, सुरेश प्रजापति, जयराम गोप, बासु गोप सहित अन्य मौजूद थे।

### स्क्रैप लगे टेंपो को किया जप्त दो गिरफ्तार

**चांडिल :** चौका थाना क्षेत्र के चौका-कांड्रा मार्ग पर पालगम मोड़ के समीप चौका पुलिस ने स्क्रैप लगे एक टेंपो को जप्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध के जानकारी देते हुए चौका थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप ने बताया कि चौका पुलिस गश्ती कर रही थी इस क्रम में पालगम मोड़ के समीप सड़क पर जा रही एक चार चक्का डाला टेंपों को रोक उसकी जांच की गई। जांच के दौरान टेंपो में स्क्रैप लदा मिला। वाहन पर सवार चालक व एक अन्य व्यक्ति से स्क्रैप से संबंधित कागजात कि मांग कि जाने पर उन्होंने किसी प्रकार का कोई कागजात नहीं दिखा सके। पूछताछ में पता चला कि स्क्रैप अवैध रूप से ले जाया जा रहा था। पुलिस ने टेंपो को स्क्रैप के साथ जब्त करते हुए दोनों व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वही पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एटीएम तोड़ने का प्रयास कर रहे बदमाश को लोगों ने किया पुलिस के हवाले

**बोकारो :** सेक्टर-12 थाना क्षेत्र अंतर्गत बारी कोऑपरेटिव कॉलोनी अब्राहम सिटी के नजदीक मुख्य सड़क में लगी एचडीएफसी बैंक के एटीएम को साबल से तोड़ने का प्रयास कर रहे बदमाश को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़ा गया आरोपी परवेज आलम बालीडीह थाना क्षेत्र के गौश नगर का रहने वाला है। शनिवार की रात के करीब 11 बजे वह एटीएम को साबल से तोड़ रहा था। उसी समय वहां से गुजर रहे रवि रोशन कुमार नामक व्यक्ति ने देखा कि एक युवक एटीएम को क्षतिग्रस्त कर रहा है। उसने युवक को पकड़ा और स्थानीय लोगों को इसकी सूचना दी। लोगों ने यह सूचना 100 डायल कर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस वहां पहुंची और आरोपी को थाने ले गयी। थाना प्रभारी दुलड चौड़े ने बताया कि आरोपी को जेल भेजा जायेगा। उसके गिरोह के अन्य सदस्यों का पता लगाया जा रहा है।

### संगठन को मजबूत बनाया जायेगा: सुमित्रा

**तमाड :** अखिल भारतीय आदिवासी धर्म परिषद ( महिला संघ )की बैठक दिवड़ी में ग्राम प्रधान सुमित्रा देवी की अध्यक्षता मे रविवार को संपन्न हुई। बैठक में आदिवासियों के धर्म एवं संस्कृति पर प्रमुखता रूप से विचार विमर्श की गई। साथ ही पूरे पांच परगना क्षेत्र में अखिल भारतीय आदिवासी धर्म परिषद की संगठन को मजबूत प्रदान किया जाएगा। क्योंकि पूरे देश के आदिवासियों को अभी भी धर्मकोड नहीं दिया गया है और आदिवासी समाज जातीय जनगणना से वंचित भी है इस बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव मेघलाल मुंडा शामिल हुए और उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज धार्मिक रूप से पूरे देश से में एक होकर संघर्ष करने की जरूरत है क्योंकि देश में धर्म कोड के नाम पर अभी भी वंचित है इसलिए संगठन को गांव-गांव में पहुंचने की आवश्यकता है। इस बैठक में सर्व समिति से अखिल भारतीय आदिवासी धर्म परीसद महिला संघ का तमाड़ प्रखंड के सुशीला मुण्डा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

## प्रदेश >> अपडेट

### अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

**पाकुड़ :** स्थानीय विद्यालय डी ए वी पब्लिक स्कूल गोकुलपुर में सत्र 2023-24 हेतु रविवार को तीसरा अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का आयोजन कक्षा अष्टम से बारहवीं तक के बच्चों के प्रथम मीड टर्म परीक्षा के मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका को अभिभावकों के अवलोकन हेतु किया गया। सत्र 2023-24 के प्रथम मध्यावधि परीक्षा के परिणाम को जानने के लिए अभिभावकों की भीड़ लगी रही।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### नवरात्र का प्रथम दिन मां शैलपुत्री का भक्तों ने किया आराधना



**महेशपुर (पाकुड़):** नवरात्र के प्रथम दिन रविवार को देवीनगर सिंह वाहिनी दुर्गा मंदिर में प्रथम दिन मां शैलपुत्री की आराधना की गई। मंदिरों के साथ-साथ बहुत से घरों मे भी भक्तों ने कलश स्थापना कर पूजा अर्चना किया। पूजा को लेकर सुबह से ही मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। पंडित सिद्धार्थ चटर्जी एवं राजू मिश्रा ने बताया कि कष्टों को हरने वाली मां दुर्गा की प्रत्येक दिन मां भगवती के नौ स्वरूपों में शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। बैल पर सवार मां शैलपुत्री की पूजा प्रथम दिन की जाती है। माता दाहिने हाथ में त्रिशूल धारण कर शत्रुओं का नाश करती हैं। हिमालय के यहां पुत्री रूप में जन्म लेने के कारण उनका नाम शैलपुत्री हुआ। वह दृढ़ता की प्रतीक है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### हॉकी संघ ने किया एशियन ट्राफी का अनावरण एवं प्रदर्शन

**पाकुड़ :** झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 के ट्राफी टूर का स्वागत एवं प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर एवं जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष श्याम यादव मौजूद थे।झारखण्ड राज्य में हॉकी के खेल को बढ़ावा देने के लिये झारखण्ड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 का आयोजन हो रहा है। खेल को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से राज्य के सभी जिलों में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगता में एशिया देशों की कुल छह टीमें हिस्सा लेंगी जिनमें भारत, जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें शामिल हैं। खेल विभाग ने ट्राफी टूर प्रोग्राम की सूची जारी करते हुए जानकारी दी है कि ट्राफी का प्रदर्शन राज्य के विभिन्न शहरों में किया जा रहा है।इस अनावरण कार्यक्रम सिद्धो कान्हू मुर्मू पार्क के समीप भव्य तरीके से किया गया। स्वागत भाषण हॉकी संघ के अध्यक्ष रामरंजन कुमार सिंह ने किया। उल्लेखनीय है कि झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 का आयोजन आगामी 27 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक रांची में निर्धारित है। उक्त एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के ट्राफी का जोरदार तरीके से अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर ने कहा कि रांची में शानदार हॉकी खेल का आयोजन आगामी 27 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक आयोजित किया जा रहा है जिसका अनावरण पाकुड़ में किया गया है। इस अनावरण का मुख्य उद्देश्य हॉकी खेल के प्रति लोगों के अंदर जागरूक पैदा करना है। उन्होंने कहा कि पाकुड़ की धरती पर भी काफी होनहार खिलाड़ी है।

**संकल्प** कांग्रेस कार्यालय में 'लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन' की बैठक संपन्न

# पार्टी की नीति व रणनीति को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प

- आने वाला समय कांग्रेस का है, महागठबंधन का है
- गांवो तक पहुंच कर मिशन को सफल बनाया जाएगा

राष्ट्रीय खबर



**देवघर:** विधानसभा स्तरीय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विभाग की अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा निर्देशित एलडीएम तहत एक विशेष बैठक कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष जवाहर मिर्धा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से आरक्षित विधानसभा क्षेत्र में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति जाति के पार्टी कार्यकताओं में 'लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन' के प्रभारी हिमांशु शेखर झा ने भाग लिया। बैठक में सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत किया, तत्पश्चात पश्चात कार्यक्रम को लेकर सभी ने अपने विचार रखा। साथ ही पार्टी की निति एवं रणनीति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। विधानसभा सभा प्रभारी हिमांशु शेखर झा ने दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी और आज के बैठक के उद्देश्य पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग में नेतृत्व क्षमता वर्धन के लिए विधानसभा स्तरीय संयोजक बना कर मुझे भेजा गया है। इस मिशन के तहत हम ऐसे वर्ग के युवाओं एवं महिलाओं को जोड़कर उन्हें आगे बढ़ाने का काम करेंगें। इन्हें पंचायत से लेकर प्रखंड, जिला,विधानसभा तथा प्रदेश एवं राष्ट्रीय कमिटी तक लाना है और कांग्रेस के विचारधारा से जोड़ना है। जो लोग पहले से जुटे हैं और निष्क्रिय हो गए हैं, उन्हें सक्रिय किए जाने का मकसद है। आज देश की राजनीतिक में जो बदलाव का बयार बह चुका है, उसके लिए तैयार करते हुए अगामी लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज कर कांग्रेस का प्रधानमंत्री बनना है। सभी को मालूम है कि हमारे नेता राहुल गांधी ने केन्द्र के मोदी सरकार द्वारा फैलाए गए जातिय हिंसा,आपसी नफरत,भाईचारे के बीच बैमनस्यता फैलाकर राज करने की जो निति बनाई है,उसका पदार्फाश कर नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने का काम किया है। आने वाला समय कांग्रेस का है,महागठबंधन का है।

## सड़क हादसे में चार घायल, एक गंभीर



राष्ट्रीय खबर

**चंदवा:** रविवार कि दोपहर बाद गैरेज लेन के समीप स्कूटी और बाइक कि आमने सामने कि टक्कर हो गयी, जिसमे बाइक सवार सुरेंद्र बैठा गंभीर रूप से घायल हो गये वहीं स्कूटी सवार नवल मिंज को भी सिर में चोट आयी है। स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य चंदवा लाया गया जहाँ डा. मनोज कुमार ने उनका इलाज किया। सुरेंद्र बैठा कि गंभीर स्थिति को देखते हुई रिम्स रेफर कर दिया गया। उनके चेहरे और सिर में गंभीर चोट आयी है वहीं दूसरी दुर्घटना रांची डाल्टेनगंज मार्ग पर ब्रहमणि के समीप हुई जहाँ बाइक ने यात्री बस को पीछे से टक्कर मार दी जिसमे बाइक सवार कुंवर भुइयाँ और गुड्डु कुमार घायल हो गये। एम्बुलेंस कि मदद से दोनों घायल को अस्पताल लाया गया जहाँ उनका उपचार किया गया।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने वाले को करेंगे सम्मानित : मुन्ना



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** आम आदमी पार्टी डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता सह कंकारी पंचायत समिति सदस्य मुन्ना कुमार ने कहा कि भ्रष्टचार के खिलाफ लड़ने वाले नागरिकों को सम्मानित करेंगे।उक्त बातें आम आदमी पार्टी युवा नेता मुन्ना कुमार ने कहा।उन्होंने कहा कि भ्रष्टचार के खिलाफ जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।भ्रष्टाचार के खिलाफ काम कर रहे एसीबी एंटी करप्शन ब्यूरो पलामू में एक मात्र संस्था कार्य कर रहा है। सूचना का अधिकार कानून,लोकायुक्त सहित अन्य संस्थाओं को कार्य नहीं करने दें रही हैं यह भ्रष्टाचारी सरकार हेमंत सोरेन ठंडे बस्ते में डाल दिया है।उन्होंने कहा कि वर्तमान में व्यापक भ्रष्टाचार चरम पर है।जिस अनुपात में भ्रष्टाचारियों को जेल जाना चाहिए,उतना नहीं जा रहे हैं।जिसके कारण भ्रष्ट पदाधिकारी और कर्मचारी को तनिक भी डर नहीं है।खुलेआम घुस मांगने का वो काम करते हैं और गरीब असहाय लोगों को दौड़ा दौड़ा कर परेशान करते हैं।जनता को छोटे छोटे कामों के लिए घूस देने के लिए मजबूर कर देते हैं।युवा नेता मुन्ना कुमार ने कहा कि भ्रष्टचार के खिलाफ सूचना अधिकार कानून लागू है ,लेकिन सरकार और विपक्ष दोनों के कारण फेल है।युवा नेता मुन्ना कुमार भ्रष्टाचार को खत्म करने के पक्ष में है।जनता भी यही चाहती है, लेकिन उनके सामने कोई रास्ता नजर नहीं आता है इसलिए विवश लाचार होकर भ्रष्ट पदाधिकारीयों से तंग आ गए ग्रामीण जनता।घूसखोर पदाधिकारियों को पकड़वाकर जेल भेजने वाला ग्रामीण जनता को युवा नेता मुन्ना कुमार 5000रुपया का नगद पुरस्कार दिया जाए और सम्मानित किया जाएगा।

## डॉ. जे.सी. राज को महात्मा गांधी रत्न से किया गया सम्मानित

राष्ट्रीय खबर



**देवघर :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात करने तथा उनके बताए रास्ते पर चलने वाले शिक्षाविद, समाजसेवी डॉ. जे.सी. राज को गत दिनों मुम्बई के मेयर हॉल में सत्याग्रह, विश्वशांति और अहिंसा के महानायक महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती पर केसीएफ द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में महात्मा गांधी रत्न - 2023 सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनकी संस्था केरला एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये गए उत्कृष्ट कार्य सहित समाज में शांति, सद्भावना और राष्ट्रीय एकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए दिया गया है। मुम्बई में आयोजित इस सम्मान समारोह में डॉ. राज के अलावे अपनी आवाज से दुनिया को दिवाना बनाने वाले पद्मश्री उदित नारायण, संजय लीला भंसाली की फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' व फिल्म 'देवदास' के संगीतकार इस्माइल दरबार , कालजयी धारावाहिक 'ॐ नमः शिवाय' के निमार्ता निर्देशक धीरज कुमार, मुम्बई के एसीपी बाजीराव महाजन को भी दिया गया । सम्मान मिलने पर डॉ. जे.सी. राज ने केसीएफ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सम्मान का असली हकदार संत माइकल एंग्लो विद्यालय परिवार सहित केरला एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी के हर कार्यकर्ता को बताया जिसने अपनी जान जोखिम में डालकर फ्लड में रेस्क्यू करते हुए सैकड़ों लोगों की जान बचाते हुए उन्हें सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया। डॉ. राज ने सम्मान को देवघर वासियों को समर्पित कहा उन्हें ऐसे पुरस्कारों से समाज, शहर के लिए काम करने की अतिरिक्त ऊर्जा मिलती है। ज्ञात हो कि केसीएफ द्वारा हर वर्ष समाजसेवा, शिक्षा, सिनेमा, विश्वशांति, चिंतन, साहित्य, संस्कृति एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में अमूल्य योगदान के लिए देश के विभिन्न हिस्सों के पांच विशिष्ट जनों को महात्मा गांधी रत्न सम्मान दिया जाता है।

## राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में चंदवा की बेटी आयुषी अव्वल



**चंदवा:** चंदवा प्रखंड का नाम स्थानीय स्वर्गीय दुलीचन्द अग्रवाल के बड़े पुत्र राज अग्रवाल की पुत्री आयुषी अग्रवाल ने राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले परीक्षा एलएलएम की परीक्षा में प्रथम स्थान लाकर चंदवा का नाम रोशन किया है।यह वकालत पढ़ने वाले लोगों के लिए पूरे देश लेवल पर होने वाले बड़े डिग्री के एक परीक्षा है।जिसे आप डिग्री ऑफ लॉ कह सकते हैं।जिसकी परीक्षा चंदवा की बेटी राज अग्रवाल उर्फ (राजू) की बेटी ने पास कर ली है। इस परीक्षा के लिए आयुषी ने कड़ी मेहनत की हैं,अपनी पढ़ाई के दौरान शुरू से ही बेहतर करते आई , इसी का परिणाम है की आज यह परिणाम की हकदार बन सकी ।आयुषी की पढ़ाई दसवीं वीं सेंट. एनोथेनी रांची टॉली स्कूल से ,+2 - डे डीपीएस से, टॉप-3 बी.कॉम जेवियर रांची कॉलेज, एलएलबी-के.सी , कॉलेज मुंबई , लॉ की प्रैक्टिस तीन साल तक मुंबई उच्च न्यायालय से, उसके बाद रांची हाई कोर्ट से ढाई वर्ष तक प्रैक्टिस करने के बाद यह मुकाम हासिल हुआ। माता पिता ने बताया कि आयुसी बचपन से मेधावी विद्यार्थी अपने स्कूल में रही है।

**अपील** सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी निगाह है, आपत्तिजनक पोस्ट करने से बचे

# शांति और सोहद्रपूर्ण वातावरण में मनाएं विजयदशमी : एसपी

- दुर्गा पूजा असत्य पर सत्य की विजय उत्सव है
- पाकुड़ पुलिस दिन-रात आपकी सेवा में उपस्थित है
- आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया पर शेयर ना करें
- कम उम्र को बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से दूर रखें

राष्ट्रीय खबर



**पाकुड़:** नवरात्रि के मद्देनजर पाकुड़ जिला पुलिस पूरी तरह से अलर्ट सतर्क है। इस संदर्भ में पाकुड़ पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि दुर्गा पूजा असत्य पर सत्य की विजय उत्सव है। हर वर्ग के लोग पूरी शांति और सोहद्रपूर्ण वातावरण में आपसी सद्भावना से उत्सव को संपन्न करने में सहयोग दें। सामाजिक और सांप्रदायिक व्यवस्था बनाए रखें। पाकुड़ पुलिस दिन-रात आपकी सेवा में उपस्थित है। किसी भी विषम परिस्थिति घटना की जानकारी तुरंत अपने नजदीकी थाने अथवा दी गई नंबर पर करें। हर हाल में आपकी पहचान गोपनीय रहेगी। पाकुड़ पुलिस ने अपील की है पंडाल के आसपास किसी भी समुदाय, व्यक्ति विशेष, समाज को ठेस पहुंचाने वाला तथा अभद्र गीत संगीत न बजाए साउंड सिस्टम 40 से 50 डेसिमल से अधिक ना हो। किसी भी शर्त पर भ्रामक, तथ्यहीन, सूचना ,फोटो ,वीडियो एवं धर्म पर आधारित आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया पर शेयर ना करें। कम उम्र को बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से दूर रखें।
सभी सोशल मीडिया ग्रुप पेज , हैंडलर के एडमिन अपने-अपने ग्रुप पेज हैंडलर पर किसी प्रकार का आनावश्यक मैसेज पोस्ट ना करें ।सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक भड़काऊ एवं धार्मिक विद्वेष फैलाने वाले सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने वाले आदि जैसे पोस्ट या फॉरवर्ड ना करें। यह एक कानूनी और दंडनीय अपराध है। ऐसी अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की कड़ी और पेनी निगाह बनी हुई है। उसके खिलाफ विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी अपात या विषम स्थिति में सीडीपीओ पाकुड़ मोबाइल नंबर 9470 59 1070, डी वाई एसपी 9470 5911 05, एसपी पाकुड़ 94 31 13 7400 संपर्क किया जा सकता है। पुलिस की सोशल मीडिया से संबंधित सभी अकाउंट पर नजर रखी जा रही है।

## न्यूज फटाफट

### कलश यात्रा में शामिल हुए जिला परिषद संग्राम सिंह



**मेदिनीनगर :** माता शैलपुत्री के पावन दिवस पर पाटन जिला परिषद संग्राम सिंह रविवार को पाटन क्षेत्र के किसैनी, सकलदीपा, खरौंदा, टंडवा और बैदा कला कलश यात्रा मे सामिल हुए ।दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर सभी भक्त गण सभी दुर्गा पूजा समिति के सभी पदाधिकारी और समस्त पाटन पलामू के परिवार को जिला परिषद संग्राम सिंह ने बधाई और दुर्गा पूजा की शुभकामना देते हुए माता रानी से प्रार्थना करते हैं कि क्षेत्र में खुशहाली बना रहे और माता रानी का कृपा सभी धर्म प्रेमी पर बनी रहे। जिला परिषद ने कहा कि माता रानी के पावन अवसर पर जितने भी धर्म प्रेमी लोग हैं मदिरा पान का सेवन पे रोक लगाए और सभी बंधु बांधवो भी बताए कि पूजा के अवसर पर धूम्रपान ना करे। कलश यात्रा के शुभ अवसर पर नीरज सिंह, मनोज सिंह कंचन कुमार, उदय सिंह धर्म सिंह, विवेक सिंह, ईश्वरी सिंह,आकाश विश्वकर्मा,नवनीत कुमार,पारस मेहता,योगेंद्र सिंह प्रेम सिंह सुचित पाल,सरोज पाल,योगेंद्र पाल,विनय पांड,श्रीकांत पांडे,राजू पांडे आशुतोष पांडे,गौतम कुमार सहित हजारों भक्तगण मौजूद थे।

### नवाह्न परायण पाठ व शारदीय नवरात्र शुरू



**मेदिनीनगर :** सदर प्रखंड के पोलपोल बाजार में श्रीराम चरित्र मानस नवाह्न परायण यज्ञ व दुर्गा पूजा कलश स्थापना के साथ रविवार से शुरू हो गया। इसके पूर्व यज्ञ समिति के अध्यक्ष आनंद सिंह ने पाठकर्ता बिप्रजनो का बरन व अंग बस्त्र प्रदान किया ।इसके साथ ही 46 वे अधिवेशन की शुरूआत हो गई ।अयोध्या से पधारे विद्वतजन मधुरेश जी महाराज द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री राम चरित्र मानस नवाह्न परायण का पाठ किया गया ।समिति के द्वारा इस वर्ष दुगार्पूजा,नवाह परायण यज्ञ के अलावे रात्रि में प्रवचन का आयोजन किया गया है ।मौके पर समिति के अध्यक्ष आनन्द सिंह ने कहा कि प्रभु श्री राम का चरित्र अनुकरणीय है ।उन्होंने कहा कि राम चरित मानस के उपदेश को मनुष्य अगर जीवन में उतार लें तो उसका कल्याण हो जाएगा ।उन्होंने कहा की रामचरित मानस में सम्बन्धो की ब्याख्या की गई है। मनुष्य का एक ही धर्म है परोपकार करना। मौके पर सचिव शशि सिंह,कोषाध्यक्ष उमेश प्रसाद,लिलेश्वर सिंह,उमाशंकर सिंह,सुशील सिंह,बिनोद ठाकुर,जेपी सिंह,अखिलेश सिंह,बिनोद ठाकुर, विवेक सिंह,ओम प्रकाश सिंह,पन्नू सिंह सहित कमिटी के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### गरीबों को नहीं मिल रहा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ: भाकपा



**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव शह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, सदर प्रखंड सचिव उमेश सिंह चेरो ने डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा के ग्राम -अवसाने, दुबा, एवं चांदो ग्राम का दौरा किया और आम लोगों की जन समस्याओं से अवगत हुआ। जहां पर जिला सचिव श्री तिवारी ने पाया कि इस इलाका में ग्रामीण सड़कों की हालत काफी खराब है सड़क जर्जर स्थिति में है वहीं प्रधानमंत्री आवास के नाम पर गरीबों को आवास नहीं मिला आज भी गरीब खपड़ा पोस मकान में रहने को विवस है और पिछले सप्ताह हुई बारिश में कई लोगों का घर गिर गया लेकिन इस और किसी जनप्रतिनिधि चाहे बीजेपी के विधायक या सांसद उनका ध्यान नहीं गया केंद्र सरकार और राज्य सरकार विकास का झूठा ढोल पीट रही है उज्जवला गैस योजना का दाम बढ़ाने के कारण लोग गैस में खाना बनाना बंद कर दिए और फिर से धुआ में लकड़ी से खाना बना रहे हैं। वही मजदूरों के बीच मनरेगा में कोई काम नहीं रहने के कारण बेरोजगारी बढ़ गई है वहीं गरीबों को मिलने वाला 2 महीना का राशन नहीं मिलने के कारण उनका निवाला भी छीन रहा है,आम जनता के प्रति भाजपा के विधायक आलोक चौरसिया के प्रति आक्रोश व्याप्त है क्योंकि उनको गरीबों के पास 10 साल में एक भी दिन जाने को फुर्सत नहीं है। सदर प्रखंड सचिव उमेश सिंह चेरों ने भाजपा विधायक को शहर के कुछ रहीसजादो का विधायक बताया। मौके पर बाबूलाल सिंह अवध किशोर सिंह अंगद सिंह अजय चौधरी अनुराग चौधरी पिंटू चौधरी उषा देवी मोहन सिंह आशा देवी जगन्नाथ उरांव सहित अन्य तीनों गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

### खो खो प्रतियोगिता के विजेता टीम का विद्यालय में हुआ भव्य स्वागत

**पलामू :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वाधान में चार दिवसीय राज्य स्तरीय अंडर 14वर्ष और अंडर 17वर्ष आयु वर्ग खो खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता मेगा स्पोट्र्स कंपलेक्स खेलगांव के खो खो स्टेडियम में दिनांक 10 से 13 अक्टूबर 2023 तक हुआ। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय के अंडर 14 बालिका वर्ग एवं अंदर 17 बालिका वर्ग खो खो के खिलाड़ियो ने कोच अक्सा नाग और प्रिया कुमारी के नेतृत्व में 27 सदस्यीय बालिका टीम ने भाग लिया। अंडर 17वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फाइनल में गुमला के टीम को हराकर विजेता घोषित हुआ। अंडर 14 वर्ष आयु वर्ग के बालिकाओं का भी प्रदर्शन बहुत ही अच्छा रहा। वे क्वाटर फाइनल तक अपना अच्छा खेल का प्रदर्शन किया। टीम को वापस लौटने पर बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सिस्टर इग्नेशिया लकड़ा के नेतृत्व में विद्यालय परिवार, पलामू जिला ओलंपिक सह खो खो एसोसिएशन सचिव संजय कुमार त्रिपाठी, एवं सभी शिक्षको ने माला पहनकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। अंडर 17 बालिका वर्ग में साधना कुमारी,लक्ष्मी कुमारी, प्रकृति तिर्की,मनी कुमारी,पूजा कुमारी,काजल कुमारी,तनु कुमारी,आंचल कुमारी,सेलिना टोप्पो, सलोनी उरांव,दिव्या कुमारी,सीमा कुमारी। अंडर 14वर्ष आयु वर्ग में अंशु कुमारी ,पलक कुमारी और मीनाक्षी कुमारी को नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। सभी विजय एवं चयनित खिलाड़ियों को शुभ कामनाएं देने वाला मे सिस्टर अनास्तासिया, सिद्धार्थ कुमार,सिस्टर एड्रियाना बड़ा,सिस्टर सुचिता टोप्पो,शोषण बेक,सुशीला एनिमा कुल्लू,वीणा टोप्पो, शुभा प्रतिमा टोप्पो,अनुभा टोप्पो,रेखा कुमारी ने उज्जवल भविष्य की शुभकामना व्यक्त किया।

शहर >> अपडेट

## दो ट्रेक्टर बालू जप्त, दो गिरफ्तार

कुडू :अवैध बालू उत्खनन के खिलाफ खनन विभाग और कुडू पुलिस के संयुक्त कार्रवाई में रविवार को दो बालू लोड़ ट्रैक्टर कुडू के टाटी के नजदीक से पकड़ा गया। वही इस मामले में दो लोगो कुडू के दोबा बरटोली निवासी अताउल रहमान और कोलसिमरी निवासी प्रमोद पासवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सिटी अपडेट्स >>

## घर से जेवरात और बर्तन की चोरी

**मरकच्चो:** थाना क्षेत्र मे चोरी की घटना बढ़ती जा रही है। एक सप्ताह के दरमियान ग्राम कर्बला नगर मे दूसरी बार चोरी की घटना घटित हुई। शनिवार रात्रि चोरों ने कर्बला नगर से जेवर व कांसे के बर्तन की चोरी कर ली। जानकारी हो कर्बला नगर निवासी अकबर मिंया रात्रि को अपने नए धर में सो रहा था। नए धर से सटा पुराना घर में सामान रखा हुआ था। रात्रि करीब तीन बजे बर्तन गिरने की आवाज आई। इसके बाद बाहर निकला तो देखा दरवाजा खुला है। हल्ला करने पर ग्रामीण पहुंचे तब तक चोर भाग चुका था। इसकी जानकारी तुरंत मरकचो थाना को दिया गया। मरकचो थाना पुलिस दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंची और त्वरित करवाई करते हुए दो संदिग्ध को पकड़ कर थाना लाया गया। वही आवेदन में सोना चांदी के जेवरात समेत बर्तन की चोरी हो जाने की सूचना दिया। थाना में मामला दर्ज कर दो संदिग्ध से पूछताछ की जा रही है।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

## अवैध शराब के खिलाफ चला छापामारी अभियान

कोडरमा: जिला मुख्यालय से सटे डुमरियाटाड जंगल मे तीन भट्ठी मे गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम के नेतृत्व में अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित महुआ शराब के भट्ठियों पर छापामारी की गयी। इस दौरान थाना क्षेत्र के डुमरियाटाड जंगल में कई वर्षों से अवैध रूप से संचालित महुआ शराब के ठिकाने पर छापामारी कर उक्त भट्ठी को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया। इस दौरान पुलिस ने लगभग 7 क्विंटल जावा महुआ को नष्ट करते हुए दो दर्जन से भी अधिक ड्रम और शराब बनाने के उपकरण को भी नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध रूप से संचालित महुआ शराब के ठिकाने पर अभियान के तहत छापेमारी कर इस धंधे में शामिल लोगों पर अंकुश लगाया जाएगा। भनक लगते ही शराब बनाने वाला संचालक फरार हो गया। मालूम हो कि पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने थाना प्रभारी को निर्देश देकर अवैध रूप से संचालित महुआ शराब भट्ठी को नष्ट करने का निर्देश दिया गया था। मौके पर छापामारी दल में पुलिस बल के जवान भी शामिल थे।

## वन अधिकार समिति का गठन

**पेटरवार:** पेटरवार प्रखंड के पेटरवार पंचायत स्थित जामा बाड़ी में वन अधिकार समिति का गठन करने को लेकर उप मुखिया मुक्ता कुमारी की अध्यक्षता में एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा के माध्यम से अबुआ वीर दिशोम अभियान 2023 के तहत पेटरवार पंचायत के बेचिरागी राजस्व ग्राम नावाडीह लिए वन अधिकार समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष गणेश महथा व सचिव रिम्पी देवी का चयन सर्वसम्मति से किया गया। जबकि वन अधिकार समिति में चांदनी देवी, संगीता देवी,मंती देवी,हीरामनी देवी,खुशबू देवी,सुनीता देवी,संजय कुमार प्रसाद,उदित कुमार सेठी,नीलेश कुमार सिंह,रवि शेखर प्रसाद एवं कार्तिक कुमार प्रसाद को सर्वसम्मति से सदस्य के रूप में चयनित किया गया।

आयोजन >

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन

# जरूरतमंदों एवं असहायों की सेवा करना ही हमारा लक्ष्य:कुमुद अग्रवाल

- जांच के साथ-साथ इलाज की भी सुविद्धा
- बी.पी मशीन सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ को सौंपते

राष्ट्रीय खबर



**लोहारदगा:** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 70 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:15 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया,जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए,सभी ने वंदे मातरम,भारत माता की जय का जयकारा लगाते हुए नमन किए।आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 45 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं चेकअप कराकर लाभान्वित हुए,शिविर में गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता ने अपनी ओर से एक बी.पी मशीन सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ को सौंपते हुए कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और सेवा भारती लोहरदगा निरंतर निशुल्क मानव सेवा का कार्य करते आ रही है,मैं इससे काफी प्रभावित हुआ हूं,जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं कुमुद अग्रवाल ने कहा की इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में काफी दूर-दूर के क्षेत्रों से लोग यहाँ आकर अपने स्वास्थ्य की जांच के साथ-साथ इलाज करवा कर स्वास्थ्य हो रहे हैं,जरूरतमंदों एवं असहयों की सेवा करना ही हमारा लक्ष्य है,और कहा कि लोगों को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य का चेकअप कराते रहना चाहिए जिससे कि समय पर कोई भी बीमारी पकड़ में आ सके,सचिव जयप्रकाश शर्मा,संजय चौधरी एवं भूषण सिंह ने कहा कि 1 जून 2022 से यह चल रहे प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में काफी लोग अपना एवं अपने परिवार का चेकअप करा कर काफी संतुष्ट हैं,और यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है।आज लोगों ने शुगर,बी.पी.,ऑक्सीजन लेबल,वजन,हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए,डॉक्टर से चेकअप कराते हुए परामर्श भी लिए और कहा की यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगातार चलते रहेंगे,आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,जयप्रकाश शर्मा,संजय चौधरी,शशि भूषण सिंह,गोपाल सिंह,गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता,सुबोध प्रसाद महतो,उमेश प्रसाद अग्रवाल,अतुल सर्राफ,रघु महतो,रामाधार साहू,जुगल किशोर,अंजलि सर्राफ,लालमुनी देवी,शकुंतला देवी,शारो देवी,रघुनंदन महतो,रामचंद्र गुप्ता,विकास उरांव,रामदुलारी देवी,चंपा देवी,अमना खातून,शबनम खातून,गोपाल पांडे,रमेश शर्मा,कलीम अंसारी,रूपेश कुमार,महेश कास्यंकार,केदार महतो,चंपा देवी,राजेश्वरी देवी,कृष्णा सोनी,मनमोहन प्रसाद,मीना देवी,सोनिया पोद्दार,अंजू देवी आदि थे!

## शारदीय नवरात्र प्रारंभ



राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड के विभिन्न गांवों में मां शैलपुत्री के पूजा अर्चना के साथ नवरात्र प्रारंभ हो गया है। साथ ही घरों में भी कलश स्थापना किया गया। जयनगर प्रखंड में भक्ति गीतों से वातावरण भक्ति मय हो गया। बता दें कि विभिन्न पूजा पंडालों में नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना कर पूजन किया गया। माता शैलपुत्री पार्वती का एक रूप है जो नंदी पर सवार श्वेत वस्त्र धारण किए हुए हाथ में त्रिशूल और हाथ में कमल विराजमान रहता है। मां शैलपुत्री को धूप, दीप, फल, फूल, माला रोली, अक्षत, चढ़ाकर पूजन किया। माता शैलपुत्री को सफेद रंग प्रिय है इसलिए उनको पूजन में सफेद फूल और मिठाई अर्पित करना चाहिए तथा मां शैलपुत्री के मंत्रों का जाप कर पूजन का अंत में शैलपुत्री की आरती करनी चाहिए। जिससे माता प्रसन्न होकर उनकी मनोकामना पूर्ण करती है। इस वर्ष शारदीय नवरात्र का व्रत और पूजन आश्विन माह के शुक्ल पक्ष में होता है नवरात्रि के 9 दिनों में मां दुर्गा के नौ रूपों का पूजन का विधान है जिन्हें नवदुर्गा के नाम से जाना जाता है सभी पूजा पंडालों में ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से देवी के मंत्रों का उच्चारण प्रारंभ हो चुका है। बता दें कि पर्वतराज की पुत्री होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा जाता है।

## भाजपा युवा मोर्चा ने ऊर्जा विभाग के एमडी पुतला फूंका



राष्ट्रीय खबर

**कुडू:** भाजपा युवा मोर्चा कुडू अध्यक्ष सरजु कुमार साहू के नेतृत्व में रविवार को वीर शिवाजी चौक रुद में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं ऊर्जा विभाग की ट्रांसमिशन एमडी केके वर्मा का पुतला दहन किया गया। मौके पर सरजू कुमार साहू ने कहा कि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा ऊर्जा विभाग में टेंडर मे अनियमितता एवं भ्रष्टाचार को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा था और जवाब मांगा गया था। श्री साहू ने कहा कि इसमें हेमंत सोरेन के कार्यालय से कोई भी स्पष्ट जवाब नहीं मिला बल्कि गैर जिम्मेदाराना तरीके से ऊर्जा विभाग के ट्रांसमिशन एमडी केके वर्मा के द्वारा अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए मामला से ध्यान भटकाने का कार्य किया।जबकि जबाब मुख्यमंत्री कार्यालय से आना था ।इससे साफ प्रतीत होता है कि राज्य सरकार मामले से ध्यान भटकाते हुए भ्रष्ट अधिकारीयों को बचाना चाहता है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय चौधरी,ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष नवीन कुमार चुन्नू,मीडिया प्रभारी आदित्य साहू, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी,उपाध्यक्ष तपस्वी यादव,अजय साहू,पप्पू भारती,उत्तम महतो ,किशन लोहार, बबलू ठाकुर,बलराम उरांव,शिवम कुमार,नितेश कुमार,पवन कुमार,धीरज भारती, मनु तुरी,लक्ष्मी ठाकुर आदि लोग उपस्थित थे।

## कांग्रेस पार्टी का समीक्षा बैठक



राष्ट्रीय खबर

**कुडू:** लोहरदगा विधानाभा के कुडू प्रखंड के बहुउद्देशीय भवन में कांग्रेस पार्टी का समीक्षा बैठक कुडू प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए सही लोगों को पार्टी से जोड़ कर पार्टी को मजबूत करेंगे। जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में कुडू प्रखंड के हर बुथ मे अच्छा से अच्छा लिड करें। इसी को लेकर बैठक हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से लोहरदगा विधानसभा प्रभारी बैलस तिर्की, लोहरदगा ज़िला कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील साहब, कुडू प्रखंड प्रभारी सामुल अंसारी जी, सह प्रभारी रविंद्र खरवार जी, जमील खान जी, अल्पसंख्यक विभाग प्रखंड अध्यक्ष कमरुल इस्लाम, संजय मुखर्जी, एमडी नसीम, सूरज मुंडा, 20 सूत्री सदस्य रमेश उरांव , मंडल अध्यक्ष सिराजुल अंसारी, सुशील उरांव ,पंचायत अध्यक्ष समसुल अंसारी, खुर्शीद खान, रशीद अंसारी,मोहम्मद इकबाल,अबू रेहान , राजकुमार टोप्पो, जीवन खाखा, रबूल पवारिया, कांग्रेसि कार्यकर्ता में साहिल अहमद, अशरफ अली, शमशाद आलम, सुनील उरांव ,जुल्फिकार अली भुट्टो, मुजिबुल अंसारी,केवल राम महली, हसबुद्दीन अंसारी, एमडी मुस्तफा, इनके अलावा सभी पंचायत के कांग्रेसी भारी संख्या में उपस्थित थे।

## बीडीओ ने किया पुस्तकालय का उद्घाटन



राष्ट्रीय खबर

**कुडू:** कुडू बीडीओ प्रवेश कुमार साव के द्वारा कुडू स्थित पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया। जिसमें काफी कम छात्र पाए गए जिस कारण छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए पुस्तकालय दूत बनाया गया जिसमें प्रीतम उरांव ग्राम जामडी, प्रकाश उरांव, कुंदो, मारकफ खान,लावगाई निवासी, मोइन अंसारी,उडुमुडु इन लोगों को कुडू बीडीओ के द्वारा निर्देश दिया गया की पुस्तक प्रेमी,जिज्ञासु व्यक्ति एवं प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे छात्रों को पुस्तकालय आने के लिए प्रोत्साहित करने का काम करें। तत्पश्चात कुडू बीडीओ प्रवेश कुमार साव एवं सहायक अभियंता विशाल मिंज के द्वारा पंडरा पंचायत और चंदलासो पंचायत का निरीक्षण कर दस्तावेज संधारण करने को कहा गया एवं दोनों पंचायत में योजनाओं का भी निरीक्षण किया गया एवं ग्रामीणों से ज्यादा से ज्यादा योजना लेने को कहा गया। इस मौके पर कुडू बीडीओ प्रवेश कुमार साव, सहायक अभियंता विशाल मिंज सहित कई लोग उपस्थित थे।

आस्था >

### मंडपों में हो रहा दुर्गा सप्तशती पाठ

# कलश स्थापना के साथ शारदीय दुर्गा पूजा शुरू



राष्ट्रीय खबर

**मरकच्चो:** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो समेत प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में बासन्ती दुर्गा पूजा कलश स्थापना के साथ बुधवार से शुरू हो गया है। इसके साथ ही प्रखंड के विभिन्न दुर्गा मंडपों एवं लोगों के निवास स्थलों पर विधि विधान के साथ नवरात्र पूजा पाठ का दौर शुरू हो गया। रविवार अहले सुबह से ही दुर्गा मंडप में ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाकर दुर्गा सप्तशती का पाठ आरंभ की गई। दुर्गा मंडपों में हो रहे दुर्गा सप्तशती पाठ से माहौल भक्तिमय हो गया है। मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर के पुजारी आचार्य पुरुषोत्तम पांडे, आचार्य अधीन पांडे के द्वारा सप्तशती का पाठ किया जा रहा है। वहीं क्षेत्र में लोग घर में कलश स्थापित कर दुर्गा पूजा पाठ में जुट गए हैं।



## ट्रेन से पानी लेने उतरा यात्री हुआ घायल

कोडरमा: कोडरमा स्टेशन पर रविवार को पुरुषोत्तम एक्सप्रेस में सवार होने के दौरान संतुलन बिगड़ने से एक यात्री गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल यात्री की पहचान टाटा निवासी सुब्रा पुरोहित (62 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार टाटा से दिल्ली जाने के दौरान कोडरमा स्टेशन पर ट्रेन के ठहराव के बाद वह पानी लेने के लिए ट्रेन से नीचे उतरे थे। इस दौरान ट्रेन खुल गई उसके बाद उन्होंने चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया और असंतुलित होकर ट्रेन की चपेट में आकर घायल हो गए। इसके बाद आरपीएफ ने एंबुलेंस के जरिए घायल यात्री को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया जहां इलाज चल रहा है।

न्यूज फटाफट

## ताइक्वांडो कैंप का आयोजन



**कुडू :** कैरो प्रखंड स्थित एच एस इंपीरियल पब्लिक स्कूल नागजुआ में एक दिवसीय ताइक्वांडो प्रशिक्षण कैंप और बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के 160 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस कैंप क्लास में जिला कोच अरविंद यादव के द्वारा खिलाड़ियों को आत्मरक्षा और किकिंग, पंचिंग ,फाइटिंग का प्रशिक्षण दिया गया और खिलाड़ियों में बेस्ट खिलाड़ी अवार्ड में बालिका वर्ग में अंजलि उरांव और बालक वर्ग में जीशान अंसारी बेस्ट कीक में सुशांत एवं अर्चना बेस्ट पूमसे में रोशन कुमार एवं ममता उरांव तथा बेस्ट अनुशासित खिलाड़ी सुनैना मुंडा इन इन सभी खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस कैंप क्लास में बेल्ट ग्रेडिंग में येलो एवं ग्रीन बेल्ट का बेल्ट टेस्ट लिया गया जिसमें सभी खिलाड़ी सफल रहे इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरौली पंचायत मुखिया अरविंद उरांव एवं विशिष्ट अतिथि नरौली पंचायत समिति सदस्य प्रवीण साहू ने खिलाड़ियों को इससे बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं भी दिए। इस कैंप क्लास में उपस्थित स्कूल के प्राचार्य इरशाद अंसारी ने कहा कि गांव के बच्चे में प्रतिभा की कमी नहीं है उन खिलाड़ियों को निखारने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में उपस्थित ताइक्वांडो प्रशिक्षक अरविंद यादव, दीपक गोप, शोएब अंसारी, वसीम अंसारी, मिथिलेश कुमार, रेहान अंसारी उपस्थित रहे।

## लापता बालक का शव तालाब से बरामद



**मरकच्चो:** थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत मुर्कमनाय से 14 अक्टूबर दोपहर को लापता हुए मासूम बच्चे का शव 15 अक्टूबर की सुबह ग्रामीणों ने उसके घर से 500 मीटर दूर तालाब में तैरता हुआ मिला। शव की पहचान ग्राम मुर्कमनाय निवासी राहुल गोस्वामी के 4 वर्षीय पुत्र शिव कुमार के रूप में किया गया। मासूम का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी लव कुमार, एसआई अनिल टोपो, एसआई शंभूनाथ मिश्रा अपने दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से मासूम बच्चे का शव तालाब से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम की तैयारी में जुटे परंतु परिजनों एवम ग्रामीणों ने शव को उठाने नही देने लगे। वही इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दिया गया। सूचना पर कोडरमा डीएसपी दिवाकर प्रसाद घटना स्थल पर पहुंचे और परिजनों व ग्रामीणों को समझा बुझा कर पुलिस ने मृतक बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों व ग्रामीणों ने बच्चे की हत्या कर शव को तालाब में फेंक देने की आशंका जाहिर की है। जानकारी के मुताबिक 14 अक्टूबर को 4 साल का मासूम बच्चा अपने घर के बाहर खेलते हुए अचानक गायब हो गया था। इसके बाद पुलिस बच्चे की गुमशुदगी को लेकर मामला दर्ज कर लगातार तलाश कर रही थी। डीएसपी के द्वारा डॉग स्क्वायड से भी जांच पड़ताल की गई परंतु खबर लिखे जाने तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा। वही इस तरह की घटना से पूरे गांव में मातम छा गया तथा परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## मरहूम इरशाद के परिजनों से मिले मंत्री डॉ रामेश्वर



लोहरदगा: कांग्रेस कमिटी के कांग्रेसी नेता सुंदरू निवासी स्व. शहादत अंसारी के पुत्र मरहूम इरशाद अंसारी के आकस्मिक निधन की सूचना पर वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने उनके आवास पहुंच कर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर ढांढस बंधाया,और कहा कि इरशाद अंसारी पार्टी के मेहनती और समर्पित कार्यकर्ता थे इनके परिवार से पुराने संबंध रहे हैं वे मृदुभाषी और मिलनसार प्रवृति के व्यक्ति थे,उन्होंने निरंतर पार्टी की सेवा की और पार्टी संबंधित कार्यक्रमों में हिस्सा लेते थे उनके निधन से पार्टी को अपूर्णीय क्षति हुई है इस दुख की घड़ी में हम सब दुखित परिवार के साथ हैं और परिवार को हरसंभव मदद करेंगे मौके पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद,विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल,जिला महासचिव सामुल अंसारी,जिला महासचिव सद्रुल अंसारी,जिला सचिव इकबाल खान,युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग,एससी जिलाध्यक्ष संजय नायक,युवा महासचिव असलम अंसारी,समसुल अंसारी,माजिदअंसारी,मन्नान अंसारी,अमसअंसारी,खुर्शीद अंसारी,मोहीदअंसारीअरशद अंसारी,मुस्ताकअंसारी,संजय बैठा, शुल्तान अंसारी,नसीम अंसारी,मुमताज अंसारी,अरमान अंसारी,जाकिर अंसारी,सहमुद्दिन्न अंसारी,सलिक अंसारी,सुल्तान अंसारी,आजम राय, मुस्ताक अंसारी,सलीम अंसारी,आरिफ अंसारी उपस्थित थे।

## नवरात्रा के शुभ अवसर पर कलश शोभयात्रा



कुडू :नवरात्र के शुभ अवसर पर देवी मंदिर पावरगंज लोहरदगा से कलश शोभायात्रा निकाली गई,जो अमला टोली से थाना टोली, शास्त्री चौक होते हुए ठाकुर बाडी मंदिर प्रांगण गुदरी बाजार पहुंची, जिसमे माता रानी के सैकडो भक्त गण शामिल हुए। इस शोभा यात्रा में पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की पत्नी सह लोहरदगा विधानसभा आजसू प्रभारी श्रीमती नीरू शांति भगत भी शामिल हुई एवं सभी को दुर्गा पूजा की बधाई दी एवं माता से जिले एवँ झारखंड निवासियों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

## शान्ति समिति की बैठक संपन्न

**सतगावां:** थाना प्रांगण में रविवार को दुर्गा पूजा को लेकर शान्ति समिति की बैठक की गयी। अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी बैधनाथ उरांव ने किया व संचालन थाना प्रभारी आनंद कुमार शाह ने किया गया। बैठक में बीडीओ श्री उरांव ने कहा कि स्वच्छता को लोगो को गम्भीरता से लेने की आवश्यकता है। वहीं प्लास्टिक पर पावंदी लगाने की बात कही गई। साथ ही पूजा पंडालो में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था होना अनिवार्य है। पंडालो में सी सी टी व कैमरा लगाने पर जोर दिया गया। जुलूस में अश्लील गानों पर प्रतिबन्ध लगाया। माधोपुर पुल पर पुलिस की तैनाती, तामोलिया पुल व मर्चोई पुल के तरफ पुलिस जवान की तैनाती रहेगी।

## न्यूज फटाफट

### वीके सक्सेना और अनुराग ठाकुर ने 'वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन' को दिखाई हरी झंड़ी




**नयी दिल्ली** : दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना और केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार सुबह 'वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन' को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैट्रो और अन्य साधनों से बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचे लोगों में हाफ मैराथन को काफी उत्साह देखा गया। मैराथन में हर उम्र के लोग भाग लेते हुए देखे गये है। आज तीन तरह की मैराथन स्पर्धाएं आयोजित की जा रही है। जिनमें हाफ मैराथन एमेच्योर, 10 किलोमीटर रूट और हाफ मैराथन एलीट शामिल हैं। पहली हाफ मैराथन एमेच्योर सुबह करीब पांच बजे से, जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम से शुरू होकर भीष्म पितामह मार्ग, लोधी रोड, श्री अरबिंदो मार्ग से यू-टर्न लेकर लोधी रोड, मथुरा रोड, सुब्रमण्यम भारती मार्ग, डॉ. जाकिर हुसैन मार्ग, सी-हेक्सागोन, कर्तव्यपथ, रफी मार्ग, रेल भवन, रफी मार्ग, संसद मार्ग होते हुए वापस जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम पर समाप्त होगी। दूसरी 10 किलोमीटर मार्ग से सुबह करीब पांच बजे से, संसद मार्ग पर जीवन दीप बिल्डिंग से शुरू होकर, पटेल चौक, संसद मार्ग, रफी मार्ग, रेल भवन, कार्तव्यपथ, जनपथ, होटल ली मेरिडियन, जनपथ पर यू टर्न लेकर कर्तव्य पथ, इंडिया गेट कैनोपी, सी-हेक्सागोन, मथुरा रोड, लोधी रोड, भीष्म पितामह मार्ग, जेएलएन स्टेडियम कॉम्प्लेक्स पर समाप्त होगी। तीसरी हाफ मैराथन एलीट (सुबह 7 बजे से) जेएलएन स्टेडियम कॉम्प्लेक्स से शुरू होकर भीष्म पितामह मार्ग, लोधी रोड, श्री अरबिंदो मार्ग, लोधी रोड, मथुरा रोड, सुब्रमण्यम भारती मार्ग, डॉ. जाकिर हुसैन मार्ग, सी-हेक्सागोन, कर्तव्यपथ, रफी मार्ग क्रॉसिग से यू टर्न लेकर कर्तव्यपथ, इंडिया गेट कैनोपी, सी-हेक्सागन होते हुए वापस इसी रूट से स्टेडियम के बाहर खत्म होनी है।

### यूरो 2024 क्वालिफाइंग में इटली ने माल्टा को हराया




**रोम**: इटली ने यूईएफए यूरो 2024 क्वालिफाइंग में डोमेनिको बेरार्डी के दो गोल की बदौलत माल्टा को 4-0 से हरा दिया है। शनिवार को खेले गये इस मुकाबले में इटली की टीम शुरू से ही आक्रामक रही। गत चैंपियन के बोनावेंटुरा ने आखिरकार 23वें मिनट में गतिरोध को तोड़ते हुए गोल कर दिया और यह उनका पहले अंतरराष्ट्रीय गोल था। बेरार्डी ने ब्रेक से पहले निकोलो बारेला के साथ मिलकर गोल करते हुए बढ़त दोगुना कर दिया। ब्रेक के बाद इटली ने अपना दबदबा जारी रखा और बेरार्डी ने 64वें मिनट में तीसरा गोल किया। इससे पहले कि स्थानापन्न डेविड फ्रैटेसी ने अंतिम मिनटों में गोल कर दिया। माल्टा की टीम पूरे मैच में संघर्ष करती देखी गई। इस जीत के साथ ही इटली को 10 अंकों के साथ ग्रुप सी में अपना दूसरा स्थान पर है। इटली की यह लगातार दूसरी जीत है।

### ब्राजील ने विश्वकप क्वालिफाइंग के लिए एड्रिएल्सन को टीम में किया शामिल

**रियो डी जनेरियो**: ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने अनकैप्ड बोटाफोगो के डिफेंडर एड्रिएल्सन को उरुग्वे के खिलाफ फीफा विश्वकप क्वालिफाइंग मुकाबले के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया है। सीबीएफ ने शनिवार को यहां बताया कि एड्रिएल्सन (25) को फ्लुमिनेंस सेंटर-बैक मार्सिलियो मोटा की जगह टीम में शामिल किया गया है। शनिवार को प्रशिक्षण सत्र के दौरान मार्सिलियो मोटा के बाएं घुटने में मोच आ गई थी।

**मैराथन** दिल्ली में रविवार सुबह खेल और फिटनेस के लिए अलग-अगल वर्ग में आयोजित की गई

# 'वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में एबेन्यो, अयाना, अभिषेक और कविता यादव के किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

▶▶ भारतीय एलीट पुरुष रेस में एक बार फिर से पहला स्थान हासिल करना बहुत अच्छा है

एजेंसियां

**नयी दिल्ली** : राजधानी दिल्ली में रविवार सुबह खेल और फिटनेस के लिए अलग-अगल वर्ग में आयोजित की गई 'वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन' को केन्या के स्टार धावक डेनियल एबेन्यो ने पुरूष वर्ग और इथियोपिया की अल्माज अयाना ने महिला वर्ग की एलीट दौड़ जीत ली। वही अभिषेक पाल और कविता यादव ने क्रमशः भारतीय पुरुष और महिला एलीट वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।




आज सुबह यहां दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने हरी झंड़ी दिखाकर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से 'वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन' को रवाना किया। मैट्रो और अन्य साधनों से बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचे लोगों में हाफ मैराथन को लेकर काफी उत्साह देखा गया। खिलाड़ियों के साथ मैराथन हजारों की संख्या में हर उम्र के लोगों ने भाग लिया। इस साल की शुरुआत में बैंकॉक में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 हजार मीटर में कांस्य पदक जीतने वाले अभिषेक पाल ने 1:04:07 का नया व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कार्तिक कुमार को हराया, जिन्होंने 1:04:08 का समय लेकर अपनी दौड़ पूरी की। जीत के बाद अभिषेक पाल ने कहा, ''कार्तिक और मेरे बीच कई क़रीबी मुक़ाबले हुए हैं और आज हमारे बीच एक और क़रीबी मुक़ाबला था।

भारतीय एलीट पुरुष रेस में एक बार फिर से पहला स्थान हासिल करना बहुत अच्छा है। कार्तिक और मैं एक साथ प्रशिक्षण लेते हैं और मैं एशियाई खेलों में उनकी उपलब्धि से काफ़ी खुश हूं। हम निश्चित रूप से अगले साल दिल्ली हाफ मैराथन में एक और शानदार फिनिश करेंगे।''

हांगझोउ एशियाई खेल 2023 में पुरुषों की 10 हजार मीटर के रजत पदक विजेता कार्तिक कुमार ने 2022 दिल्ली हाफ मैराथन में भी रजत पदक जीता था, जहां उन्हें अविनाश साबले से बेहद कम समय के अंतर से शिकस्त मिली थी। अविनाश साबले ने 1:00:30 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय के साथ दिल्ली हाफ मैराथन का 2020 संस्करण भी जीता था। सावन बरवाल ने 1:04:17 के साथ पोडियम पर जगह बनाने के लिए मुरली गावित (1:04:41) को हराया। महिलाओं की भारतीय एलीट रेस में, कविता यादव ने 1:17:42 के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि रीमा पटेल (1:17:48) और पूनम दिनकर सोनुने (1:17:49) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। 2022 संस्करण जीतने वाली संजीवनी जाधव ने 1:17:53 का समय लेकर रेस पूरी की और पदक जीतने में असफल रहीं। अंतरराष्ट्रीय एलीट रेस में, केन्या के डेनियल एबेन्यो और इथियोपिया की अल्माज अयाना ने क्रमशः पुरुषों और महिलाओं की रेस में पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता डेनियल एबेन्यो ने 00:59:27 सेकेंड का समय लिया और अपने साथी केन्याई चार्ल्स माटाटा (1:00:05) और इथियोपिया के अदिसु गोबेना (1:00:51) से आगे रहे। डेनियल एबेन्यो ने कहा, ''यहां दौड़ना एक शानदार अनुभव था। हालांकि, मैं अपनी टाइमिंग से निराश हूं। मैं इस इवेंट में रिकॉर्ड बनाना चाहता था लेकिन चूक गया। मैं अगली बार ज़रूर रिकॉर्ड समय दर्ज करने की कोशिश करूंगा।'' रियो 2016 ओलंपिक चैंपियन और छह साल पहले दिल्ली हाफ मैराथन के विजेता अल्माज अयाना ने 1:07:59 के समय के साथ युगांडा की स्टेला चेसांग (1:08:28) और केन्या की वियोला चेपनजेनो (1:09:09) को हराया। अंतरराष्ट्रीय पुरुष एलीट रेस में डेनियल एबेन्यो (केन्या) 00:59:27, चाल्स मटाटा (केन्या)1:00:05, एडिसन गोबेना (इथियोपिया) 1:00:51, इसहाक किपकेमबोई (केन्या) 1:00:52, इसाइया लासोई (केन्या)1:00:55, लियोनार्ड बार्सोटन (केन्या) 1:01:36, रोन्सर कोंगा (केन्या)1:02:05, विसेंट किमाइयो (केन्या)1:03:18, गिदोन किप्रोटिच रोप (केन्या) 1:03:51 और अभिषेक पाल (भारत) 1:04:07 अंतरराष्ट्रीय महिला एलीट दौड़ में अल्माज अयाना (इथियोपिया)1:07:58, स्टेला चेसांग (युगांडा)1:08:28, वियोला चेपंजेनो (केन्या) 1:09:09, एबरश मिनसेव (इथियोपिया)1:09:50, विवियन चेरियट (केन्या)1:11:26, एंचिनालु डेसी (इथियोपिया) 1:11:34 बर्टुकान वेल्डे (इथियोपिया)1:12:00, मारे डिबाबा (इथियोपिया)1:12:02, बेथेल अफेनिगस (इथियोपिया)1:12:25 और नुरीत अहमद (इथियोपिया)1:17:26, भारतीय पुरुष एलीट दौड़ में अभिषेक पाल 1:04:07, कार्तिक कुमार 1:04:08, सावन बरवाल 1:04:17, मुरली गावित 1:04:41, हरजोधवीर सिंह 1:05:03, सुनील कुमार 1:05:03, धर्मेन्द्र नल 1:05:18, किरण मात्रे 1:05:32, लवप्रीत सिंह 1:05:38 और श्रीनु बुगाथा 1:06:24 भारतीय महिला एलीट दौड़ में कविता यादव 1:17:42, रीमा पटेल 1:17:48, पूनम दिनकर सोनुने 1:17:49, संजीवनी जाधव 1:17:53, तमशी सिंह 1:18:01, सोनिका राजपूत 1:19:16, उजाला नल 1:20:47, एकता रावत 1:21:30, निरमा ठाकुर 1:23:19 और रेशमा केवटे 1:23:41 इस अवसर पर उपराज्यपाल ने कहा कि 'वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन' एक तरह से ग्लोबल इवेंट बन गया है। दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी मार्लेना सिंह ने कहा, ''मुझे लगता है स्पोर्ट्स और फिटनेस को आगे बढ़ाने के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण चीज है। हम एक ऐसे दौर से गुजर रहे हैं जहां जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां एक आम बात हो गई हैं और इस दौर में ऐसा आयोजन जिसमें हजारों लोग भागीदारी करते हैं, यह फिटनेस के लिए सबको प्रेरणा देता है।''

## पाकिस्तान के बल्लेबाज मेरी गेंदों को नहीं समझ पाए, स्वीप शॉट को लेकर भ्रम में थे: कुलदीप

एजेंसियां

**अहमदाबाद**: भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव का मानना है कि वह पाकिस्तान के बल्लेबाजों के दिमाग में भ्रम पैदा करने में सफल रहे, जिन्होंने शनिवार को यहां खेले गए विश्व कप मैच में उनकी गेंदों को समझे बिना जोखिम भरा स्वीप शॉट खेलने का प्रयास किया। कुलदीप ने सौद शकील और इफ्तिखार अहमद के महत्वपूर्ण विकेट लिए। इन दोनों ने बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर की गेंद पर स्वीप शॉट खेलने के प्रयास में अपने विकेट गंवाए। कुलदीप से पूछा गया कि क्या उन्होंने इफ्तिखार के पांव को निशाना बनाकर गेंदबाजी करने की रणनीति बनाई थी तो उन्होंने इसका दिलचस्प जवाब दिया।




कुलदीप ने भारत की सात विकेट से जीत के बाद संवाददाताओं से कहा,नहीं मैंने ऐसी योजना नहीं बनाई थी लेकिन मैं गुगली कर रहा था तो मैंने ऐसा प्रयास किया।वह थोड़ा शॉर्ट पिच गेंद थी जो बाहर जा रही थी और इस गेंद पर उसके लिए स्वीप करना मुश्किल था। इफ्तिखार ने ऑफ स्टंप से बाहर जा रही गेंद को स्वीप करने के प्रयास में अपने विकटों में खेल दिया था।

कुलदीप ने कहा, यह विकेट मुझे भाग्य से मिला और इस तरह के विकेट से बल्लेबाजों पर दबाव बढ़ता है। वे मेरी गेंद को नहीं समझ पाए और इसको लेकर भ्रम में थे कि वे मेरी गेंद पर स्वीप शॉट लगाएं या सामान्य बल्लेबाजी करें। मैं हालांकि उसे बेहतर तरीके से आउट करना पसंद करता। असल में कुलदीप को वह ओवर नहीं करना था और उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा से बात करने के बाद ही यह ओवर किया था। कुलदीप ने कहा,मुझे लगा कि वे स्वीप शॉट खेलने का प्रयास करेंगे क्योंकि वे ऐसा करने के लिए जाने जाते हैं।

## डेनियल एबियनो ने पुरूष वर्ग और अयाना ने महिला वर्ग की दौड़ जीती

एजेंसियां

**नयी दिल्ली** : राजधानी दिल्ली में रविवार सुबह खेल और फिटनेस के लिए आयोजित की गई 'वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन' को केन्या के स्टार धावक डेनियल एबेन्यो ने पुरूष वर्ग और इथियोपिया की अल्माज अयाना ने महिला वर्ग की एलीट दौड़ जीत ली। आज सुबह यहां केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने हरी झंड़ी और दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने फायर कर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से 'वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन' को रवाना किया। केन्या के एबेन्यो ने पुरुष वर्ग में 59 मिनट और 27 सेकंड में दौड़ पूरी की। वही महिला वर्ग में इथियोपिया की अयाना ने एक घंटे सात मिनट और 59 सेकंड में दौड़ पूरी करके युगांडा की स्टेला चेसांग (1:08:28) और केन्या की वियोला चेपनजेनो (1:09:09) को पछाड़ते हुए जीत हासिल की। भारतीय खिलाड़ियों में अभिषेक पाल (1:04:08) और कविता यादव (1:17:42) ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। पुरूष वर्ग में कार्तिक



दूसरे और सावन ने तीसरे स्थान रहे। मैट्रो और अन्य साधनों से बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचे लोगों में हाफ मैराथन को लेकर काफी उत्साह देखा गया। मैराथन हजारों की संख्या में हर उम्र के लोगों ने भाग लिया। आज सुबह तीन तरह की मैराथन स्पर्धाएं आयोजित की जा रही है। जिनमें हाफ मैराथन एमेच्योर, 10 किलोमीटर रूट और हाफ मैराथन एलीट शामिल हैं। प्रतिभागियों के लिए 42.195 किमी की मैराथन को सात घंटे 18 मिनट में, 25 किमी की दौड़ को चार घंटे 11 मिनट में, 21.097 किमी की हाफ मैराथन तीन घंटे 30 मिनट और 10 किमी की दौड़ को 95 मिनट निर्धारित किये गये थे।

## सिंघम अगेन से दीपिका पादुकोण का फर्स्ट लुक रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई**: बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन से उनका फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। रोहित शेट्टी जल्द ही अपनी फेमस कॉप यूनिवर्स की फिल्म सिंघम फ्रेंचाइजी का तीसरा पार्ट ह्यसिंघम अगेनह्ण लेकर आने वाले हैं। सिंघम अगेन में अजय देवगन की मुख्य भूमिका होगी।फिल्म सिंघम अगेन में दीपिका पादुकोण की एंट्री होने जा रही है। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण लेडी सिंघम का किरदार निभाते हुए नजर आएंगी। इस फिल्म से दीपिका का फर्स्ट लुक जारी कर दिया है। फिल्म में लेडी सिंघम बनी दीपिका पादुकोण अपने लुक से तहलका मचा रही हैं। रोहित शेट्टी और दीपिका पादुकोण ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन फोटोज में दीपिका पुलिस की वर्दी में नजर आ रही हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि दीपिका खून से लथपथ हंसते हुए नजर आ रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक आदमी के मुंह में रिवॉल्वर डाल रखी है और दूसरे हाथ से उसके बाल पकड़ रखे हैं। फोटो को शेयर करते हुए रोहित शेट्टी ने कैप्शन में लिखा ह्यनारी सीता का भी रूप है और दुर्गा का भी। मिलिए हमारे पुलिस जगत के सबसे क्रूर और हिंसक अधिकारी शक्ति शेट्टी से। मेरी लेडी सिंघम, दीपिका पादुकोणह्ण। इसके साथ ही दीपिका ने कैप्शन में लिखा पेश है शक्ति शेट्टी।

## फिल्म आसरा का फर्स्ट लुक रिलीज

एजेंसियां

**मुंबई**: निर्माता रत्नाकर कुमार और अभिनेता रितेश पांडेय स्टारर भोजपुरी फिल्म आसरा का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म ह्यआसराह्ण के फर्स्ट लुक को ब्लैक एंड व्हाइट सेड में कुछ रंगों के साथ पेश किया है। फिल्म के फर्स्ट लुक में अभिनेत्री सपना चौहान किसी बाग में बैठी हुई एक टक किसी चीज को निहारे जा रही हैं, वही पास में बैठे रितेश पांडेय अपने सामने बैठी सपना को देखे जा रहे हैं वे उनकी सुंदरता में इस कदर खोए हुए नजर आ रहे हैं कि मानो उन्हें दुनिया से कोई लेना देना ही नहीं बस अपनी प्रियतम को देखकर ही उन्हें सुकून मिल रहा हैं। आसरा के फर्स्ट लुक को निर्माता रत्नाकर कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर शेयर किया है और इसके कैप्शन में लिखा है फर्स्ट लुक आसरा।उन्होंने कहा कि आज शारदीय नवरात्रि के पहला दिन है और आसरा का फर्स्ट लुक आउट करने के लिए इससे बेहद कोई दिन हो ही नहीं सकता है। आज आप सबके बीच फर्स्ट लुक आउट कर दिया गया है। फिल्म बहुत ही सुंदर विषय पर बनाई गई है। जो दर्शकों को बहुत अच्छी सीख देंगी। क्योंकि सिनेमा समाज का दर्पण है इसलिए हम इसे बहुत ही सोच समझ कर बनाना होता है। जल्द ही हम फिल्म का टीजर और ट्रेलर लेकर आएंगे। वर्ल्डवाइड चैनल जितेंद्र गुलाटी प्रस्तुत आसरा के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। वही इसकी सह निर्माता निवेदिता कुमार है। इसके निर्देशक अनंजय रघुराज हैं। फिल्म में मुख्य रूप से रितेश पांडेय, सपना चौहान, नेहा पाठक, अवधेश मिश्रा और मनोज टाइगर नजर आएंगे।



## पुष्पा के मेकर्स के साथ देशभक्ति पर आधारित फिल्म में काम करेंगे सनी देओल!



एजेंसियां

**मुंबई**: बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल सुपरहिट दक्षिण भारतीय फिल्म पुष्पा के मेकर्स के साथ देशभक्ति पर आधारित फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। गदर-2 की सफलता के बाद सनी देओल बेहद व्यस्त हैं। चर्चा है कि सनी देओल ने फिल्म 'पुष्पा' के मेकर्स के साथ भी एक पैन इंडिया प्रोजेक्ट साइन किया है। यह देशभक्ति पर आधारित फिल्म होगी जिसमें सनी देओल एक बार फिर से एक्शन करते नजर आ सकते हैं। कहा जा रहा है कि सनी देओल को फिल्म 'पुष्पा' के मेकर्स ने खुद अप्रोच किया था। इस फिल्म का निर्देशन कबीर खान कर सकते हैं। सनी देओल ,आमिर खान के बैनर तले बनने जा रही लाहौर 1947 में काम करते नजर आयेंगे। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी करेंगे।

## भजन शिल्पी राज और श्वेता माहरा का गाना भावनी के भजन रिलीज

एजेंसियां



**मुंबई**: गायिका शिल्पी राज और अभिनेत्री श्वेता माहरा का भजन भावनी के भजन रिलीज हो गया है। भावनी के भजन गाना शिल्पी राज के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल शिल्पी राज एंटरटेनमेंट से रिलीज हुआ है।शिल्पी राज ने इस गाने को आवाज दी है और इसके म्यूजिक वीडियो में वह श्वेता माहरा के साथ झूमती नजर आ रही हैं। शिल्पी राज ने इस गाने के जरिए देवी मां के भक्तों से कहा है कि जब कुछ भी समझ ना आए और जब कोई सहारा ना हो, तब मां भवानी का भजन कर लीजिए। आपके सारे कष्ट दूर हो जाएंगे और सारे रास्ते खुल जाएंगे। इस गाने को लेकर शिल्पी राज ने बताया कि मां भवानी जगत जननी और मानवता के कल्याण की प्रतिमूर्ति हैं। हम हमने खूब सुना है कि शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मां भवानी अपने भक्तों की पीड़ा को दूर करती है। उनके उलझन को सुलझाती हैं, यदि उनका स्मरण पूरी श्रद्धा और तन्मयता से की जाए।

## प्रदेश >> अपडेट

### शिवराज ने नवरात्रि पर्व की दी शुभकामनाएं

**भोपाल:** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मां आदिशक्ति की उपासना के महापर्व शारदीय नवरात्रि पर प्रदेश के सभी नागरिकों को शुभकामनाएं प्रेषित किया है। चौहान ने एक्स पर पोस्ट किए अपने शुभकामना संदेश में कहा कि मैया की कृपा से हर घर-आँगन में सुख,समृद्धि, खुशहाली आये और प्रेम, सौहार्द के मधुर प्रकाश से हर जीवन आलोकित होता रहे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### भाजपा ने धमतरी जिले से 34 लोगों का निष्कासन रद्द किया

**धमतरी:** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 34 लोगों का निष्कासन रद्द कर दिया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर शशि पवार के हस्ताक्षर से जारी आदेश के संबंध में जिला महामंत्री कविंद्र जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 5-6 वर्षों में किसी न किसी पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने की वजह से भाजपा ने अपने 34 कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी को निष्कासित कर दिया था। विधानसभा चुनाव के पहले सभी का निष्कासन रद्द कर दिया है। भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर शशि पवार ने 34 लोगों की लिस्ट जारी करते हुए कहा है कि प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू की अनुशासन समिति के अनुशंसा के उपरांत 2018 से लेकर अभी तक के जो भाजपा कार्यकर्ता चुनाव लड़े हैं एवं अन्य कार्यक्रमों से उन्हें निष्कासित निलंबन किया गया था, उसे समाप्त कर दिया है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची परिवारवाद, महिला अत्याचार, अपराध और भ्रष्टाचार के नाम : शर्मा

**भापेल:** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की ओर से आज सुबह जारी हुई प्रत्याशियों की सूची पर हमला बोलते हुए भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष और लोकसभा सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि ये सूची परिवारवाद, महिला अत्याचार, अपराध और भ्रष्टाचार के नाम है। शर्मा ने एक्स पर पोस्ट किया, कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची में सबसे ऊपर ये चार, परिवारवाद, महिला अत्याचार, अपराध और भ्रष्टाचार। उन्होंने कहा कि जनता के बाद अब कांग्रेस हाईकामान को भी कमलनाथ पर विश्वास नहीं रहा, यही कारण है छिंदवाड़ा जिले में कमलनाथ को छोड़ किसी भी वर्तमान विधायक की टिकट फाइनल नहीं हुई। कमलनाथ और कांग्रेस के खिलाफ जनआक्रोश है ये कांग्रेस हाईकमान को भी पता है। कांग्रेस ने आज सुबह अपने 144 प्रत्याशियों की सूची जारी की है। इसमें 69 मौजूदा विधायकों को टिकट दिया गया है।

### हमास ने किया इजरायल पर आतंकी हमला, भारत आतंकवाद के खिलाफ: रवींद्र कुशवाहा

**बलिया:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रवींद्र कुशवाहा ने कहा है कि भारत ने इजरायल का समर्थन किया क्योंकि हमास ने इजरायल पर आतंकवादी हमला पहले किया था और भारत आतंकवाद के पूरी तरह से खिलाफ है। दुनिया के किसी भी कोने में आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से खड़ा है। जिले के बेल्थरा रोड में शनिवार देर शाम संवाददाओं से बातचीत में भाजपा से सलेमपुर सांसद रवींद्र कुशवाहा ने इजरायल का समर्थन करते हुए कहा कि देश और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति है कि विश्व भर में कहीं भी किसी भी प्रकार का आतंकवाद हो तो उसका हम खुलकर विरोध करते हैं और जिस प्रकार से इजरायल के अंदर घुसकर हमास ने आतंकवादी घटनाएं की, वहां महिलाओं और बच्चों को बर्बरता पूर्वक मारने व महिलाओं को नंगा घूमाने का काम किया।

**युद्ध**

### रूसी सेना फिर से कुप्यांस्क पर कब्जा करना चाहती है

# कुप्यांस्क के इलाके में रूसी सेना का दोबारा हमला जारी

- उत्तर कोरिया ने युद्ध के लिए 1000 कंटेनरों के रूप में हथियार पहुंचाए
- रूसी सैनिकों ने हमला करना जारी रखा है

**राष्ट्रीय खबर**



**कियेब:** रूसी सेना फिर से कुप्यांस्क पर कब्जा करना चाहती है। मॉस्को को अधिकारी यह मानते हैं कि यह काम पूरा होते ही यूक्रेन के जबावी हमले का अंत हो जाएगा। इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर के अमेरिकी सैन्य विश्लेषकों ने कहा कि रूस ने पूर्वी यूक्रेन में अवदीवका पर कब्जा करने की कोशिश की है। वैसे खबर के मुताबिक यह हमला भी विफल हो गया है। आईएसडब्ल्यू ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि रूस की सैन्य कमान रूसी सूचना क्षेत्र में अवदीवका के आसपास आक्रामक अभियानों की चर्चा को बाहर नहीं आने दे रही है। यूक्रेन की जमीनी सेना के कमांडर ऑलेक्जेडर सिर्स्की के अनुसार, क्रेमलिन बलों ने उत्तरपूर्वी यूक्रेन में कुप्यांस्क और लाइमन के पास अपना आक्रमण तेज कर दिया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी वायु रक्षा ने क्रास्नोडार क्षेत्र में सोची के तट के पास काला सागर के पानी पर दो ड्रोन नष्ट कर दिए। अमेरिका ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने अब तक सैन्य उपकरणों और युद्ध सामग्री के लगभग 1,000 कंटेनरों के रूप में यूक्रेन के खिलाफ उपयोग के लिए रूस को हथियार पहुंचाए हैं। अमेरिका और यूरोपीय संघ 20 अक्टूबर को वाशिंगटन में एक शिखर सम्मेलन के दौरान यूक्रेन के पुनर्निर्माण के भुगतान के लिए जमी हुई रूसी संपत्तियों से राजस्व का उपयोग करने की योजना पर प्रगति की तलाश करेंगे। जाड़ा के मौसम में यूक्रेन पर और तेज हमला होने की सूचना की वजह से यूरोपीय प्राकृतिक गैस वायदा ने अपनी सबसे बड़ी साप्ताहिक बढ़त दर्ज की है क्योंकि मध्य पूर्व में युद्ध बढ़ गया है और ठंड का मौसम करीब है।

दूसरी तरफ रूसी सूत्रों ने दावा किया कि रूसी सैनिकों ने अवदीवका के उत्तर और दक्षिण के क्षेत्रों पर हमला करना जारी रखा है, और 12 और 13 अक्टूबर को जारी किए गए जियोलोकेशन फुटेज से पता चला है कि सैनिक क्रास्नोहोरिव्का के दक्षिण में (अवदीवका से 5 किलोमीटर उत्तर में) और पेरवोमाइस्के के दक्षिण-पूर्व में (अवदीवका से 11 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में) आगे बढ़े हैं। दावा किया गया है कि रूसियों ने अवदीवका कोक प्लांट पर नियंत्रण कर लिया है, हालांकि आईएसडब्ल्यू को कोई सबूत नहीं मिला है कि प्रकाशन के समय रूसी सेना संयंत्र के नियंत्रण में थी। यूक्रेनी सेना ने बताया कि यूक्रेनी सेना अवदीवका के आसपास रूसी हमलों को विफल करना जारी रखे हुए है। यूक्रेनी सेना अवदीवका मोर्चे पर रूसी प्रगति को धीमा करने के लिए बारूदी सुरंगों का उपयोग कर रही है। एक रूसी स्वयंसेवी सैनिक ने कहा कि घिसे-पिटे बैरल अवदीवका के पास रूसी तोपखाने की सटीकता को कम कर देते हैं। रूसी स्वयंसेवी सैनिक ने कहा कि रूसी सेना अवदीवका के पास कम गढ़वाले यूक्रेनी क्षेत्र को जब्त करके यूक्रेनी सीमा को निचोड़ सकती है लेकिन चिंता व्यक्त की कि रूसी जनरल इन सीमित प्रगति की गलत व्याख्या करेंगे और अवदीवका पर अपने आक्रमण को तेज करने का प्रयास करेंगे।

## कांग्रेस की 144 प्रत्याशियों की सूची जारी, कमलनाथ छिंदवाड़ा से मैदान में



**एजेंसियां**

**भोपाल:** शारदीय नवरात्रि के पहले दिन कांग्रेस की ओर से आज सुबह मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी गई, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को छिंदवाड़ा से प्रत्याशी बनाया गया है। पार्टी की इस पहली सूची में 144 प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं। अधिकतर मौजूदा विधायकों की सीटों को यथावत रखा गया है।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह को लहार से, पूर्व मंत्री जीतू पटवारी को राऊ, लाखन सिंह यादव को भितरवार, जयवर्धन सिंह को राघौगढ़ और कमलेश्वर पटेल को सिंहावल से प्रत्याशी बनाया गया है। बुधनी विधानसभा सीट से पार्टी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने पिछले दिनों कांग्रेस में शामिल हुए टीवी अभिनेता विक्रम मस्ताल को चुनावी मैदान में उतारा है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल चुरहट, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह अमरपाटन और डॉ हिना कांवरे लांजी से प्रत्याशी बनाई गई हैं।

## गाजा से फिलिस्तीनियों के पलायन के बाद इजरायल आक्रमण के लिए तैयार



**एजेंसियां**

**यरूशलेम :** फिलिस्तीनियों को उत्तरी क्षेत्रों से पलायन करने के लिए थोड़ा और समय देने के बाद, इजरायल ने अपने इतिहास में सबसे घातक हमले का मुंहतोड़ जवाब देने की कसम खाई है। इजरायल ने रविवार को गाजा में जमीनी हमले की तैयारी के लिए दबाव डालाना शुरू किया। इजरायल और हमास के बीच जारी जंग में अब तक 3500 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। दरअसल फिलिस्तीन से जुड़े हमास समूह की ओर से किए गए इस हमले में 1,300 से ज्यादा इजरायली मारे गए, जिसकी तुलना इजरायल ने अमेरिका में 9/11 से की है और हमास को लक्षित करते हुए बड़े पैमाने पर जवाबी बमबारी अभियान शुरू किया, जिससे गाजा में 2,200 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इजरायल ने फिलिस्तीनी क्षेत्र के उत्तर में रहने वाले लगभग 11 लाख गाजा निवासियों को जमीनी घुसपैठ करने से पहले दक्षिण की ओर जाने की चेतावनी दी है, जिसके बारे में सेना ने संकेत दिया है कि वह गाजा सिटी पर ध्यान केंद्रित करेगी, जो हमास समूह के नेतृत्व का आधार है। इजरायली सेना ने कहा कि गाजा सिटी के निवासियों को पलायन करने में देरी नहीं करनी चाहिए, लेकिन एक प्रवक्ता ने शनिवार देर रात कहा कि जमीनी हमले से पहले उनके पास पलायन करने का अभी भी समय है। शुक्रवार से गाजा के हजारों लोग, जो इजरायल और मिस्र दोनों द्वारा अवरुद्ध होने के कारण एन्क्लेव को नहीं छोड़ सकते हैं, मलबे से भरी सड़कों पर घूमने के लिए बैग और सूटकेस में अपना सामान पैक कर रहे हैं। इजरायल ने शनिवार को उत्तरी गाजा पर ताजा हवाई हमला किया। दक्षिणी इजरायली शहर स्डेरोट के पास एएफपी के संवाददाताओं ने घनी आबादी वाले इलाके में सैनिकों को गोलीबारी करते देखा, जिससे आसमान में काले धुएं का गुबार छा गया। इजरायली सेना ने शनिवार को कहा कि हमास द्वारा अपहरण किए गए दर्जनों बंधकों में से कुछ के शव गाजा में अभियानों के दौरान प्राप्त हुए।

## इजरायली सेना ने फिलिस्तीनियों को निकलने के लिए छह घंटे दिये



**एजेंसियां**

**तेल अबीब:** इजराइल ने शनिवार को गाजा शहर के निवासियों को दक्षिण खाली करने के लिए छह घंटे का समय दिया। इस क्रम में जो वीडियो जारी किये गये हैं, उनमें उस मार्ग पर विस्फोट और बच्चों सहित शव दिखाई दे रहे हैं जिसके बारे में इजराइल ने कहा है कि यह सुरक्षित होगा। इसराइल द्वारा उत्तरी गाजा में रहने वाले 1.1 मिलियन लोगों को उनकी सुरक्षा के लिए खाली करने की चेतावनी देने के एक दिन बाद आई है। ऐसे संकेत हैं कि 7 अक्टूबर को समूह के आतंकवादी हमलों में 1,300 लोगों की मौत के बाद इजराइल हमास के खिलाफ अपना जवाबी हमला तेज करेगा। इस इलाके को चारों तरफ से घेर लेने के बाद इजरायली सेना खास घरों को निशाना बना रही है। इनमें से कुछ में गोलीबारी हुई है, जिससे साफ हो गया है कि वहां पर वाकई हमास के आतंकवादी छिपे बैठे थे। इसी क्रम में अपहृत लोगों की तलाश भी चल रही है और सेना का दावा है कि इन घरों में से कई में भूमिगत सुरंग भी बनाये गये हैं। इस युद्ध की वजह से गाजा में मानवीय संकट गहराता जा रहा है, चेतावनियों से लोगों पर भुखमरी का खतरा मंडरा रहा है। फि लिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि पिछले सप्ताह की लड़ाई में हमास द्वारा संचालित इलाके में 2,000 से अधिक लोग मारे गए हैं।

इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार को गाजा सीमा के पास अग्रिम पंक्ति की अपनी यात्रा का एक वीडियो और चित्र साझा किया, जहां वह इजरायली सैनिकों से मुलाकात कर रहे थे। गाजा के साथ सीमा के 7 किलोमीटर (4.3 मील) के भीतर इजराइल की बस्तियों, किबुतज़िम और क्षेत्रों को संदर्भित करता है। इजराइल के साथ लेबनान की सीमा के पास तेजी और हलचल सिर्फ दो घंटे से अधिक समय तक चली। एक सप्ताह पहले इस अस्थिर सीमा क्षेत्र में भड़कने के बाद से यह हिजबुल्लाह और इजरायली बलों के बीच सबसे लंबी गोलीबारी में से एक थी।

## इजरायल में युद्ध समाप्त व विश्व शांति को गंगोत्री धाम में हुआ विश्व शान्ति यज्ञ

**एजेंसियां**

**देहरादून:** उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती, जीवा की अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव साध्वी भगवती सरस्वती और विश्व के कई देशों से आये भक्तों ने इजरायल में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए उत्तरकाशी जनपद अंतर्गत, गंगोत्री धाम में प्रार्थना और विशेष हवन किया। नवरात्र के पहले दिन स्वामी चिदानंद ने वैश्विक शान्ति विशेषकर, इजरायल में शान्ति हेतु विशेष प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि इजरायल में जो लोग इन समस्याओं से जुझ रहे हैं, उन्हें मनोबल प्रदान हो तथा जो इस दुनिया से चले गये, उनके परिवार जनों को यह दुःख सहने की शक्ति व धैर्य ईश्वर प्रदान करें इसके लिए सभी ने मिलकर माँ गंगा के स्त्रोत गंगोत्री धाम में हवन किया। उन्होंने वैश्विक शान्ति का संदेश देते हुये कहा कि भारत की संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम् की संस्कृति है। शान्ति और अंहिसा की संस्कृति है। आतंकवाद में किसी भी समस्या का समाधान निहित नहीं है अध्यात्मवाद में ही समस्याओं का समाधान है। भारत ने सदैव ही शान्ति की संस्कृति को बढ़ावा दिया है और यही वर्तमान की सभी समस्याओं का समाधान भी है। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने देशवासियों को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनायें देते हुये कहा कि नवरात्र शक्ति का पर्व है, शक्ति के सामंजस्य और संवर्द्धन का पर्व है। जिस प्रकार जीवन के चार चरण, ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ तथा सन्यास होते हैं।

**पर्यावरण**

### 1.2 मिलियन इलेक्ट्रिक वाहन लाये जाएंगे

# अफ्रीका में प्रदूषण कम करने की पहल में बैटरी चालित बाइक

- युगांडा में 140,000 बाइक का पांच साल का रोलआउट भी शुरू करेगी
- ड्राइवरों को बैटरी-स्वैप स्टेशनों तक पहुंच प्रदान करता है

**राष्ट्रीय खबर**



**नैरोबी:** अफ्रीका महाद्वीप अब अपने स्तर पर प्रदूषण को कम करने की दिशा में पहल करने लगा है। इस क्रम में एक स्टार्टअप कंपनी, स्पिरो ईंधन खपत वाली मोटरबाइकों और स्कूटरों को इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के बदले सड़कों से हटाना चाहता है, केन्या तक विस्तार कर रहा है। पहले अफ्रीका जलवायु शिखर सम्मेलन से पहले, जो आज केन्या की राजधानी नैरोबी में शुरू हुआ, मेजबान सरकार ने शुक्रवार को घोषणा की कि ई-बाइक और बैटरी-स्वैपिंग स्टार्टअप अपनी अब तक की सबसे बड़ी तैनाती के साथ पूर्वी अफ्रीकी देश में प्रवेश करेग। इसके दायरे में 1.2 मिलियन इलेक्ट्रिक वाहन लाये जाएंगे। इस कंपनी के सीईओ जूल्स सैमैन का कहना है कि 2022 में पश्चिम अफ्रीकी देश बेनिन में स्थापित कंपनी के लिए यह एक बड़ा मील का पत्थर है - बेनिन, टोगो और रवांडा में वर्तमान में परिचालन में 10,000 बाइक से अपने बेड़े में काफी वृद्धि हुई है। इस शरद ऋतु में, कंपनी युगांडा में 140,000 बाइक का पांच साल का रोलआउट भी शुरू करेगी। समैन ने बताया, स्पिरो का लक्ष्य न केवल प्रदूषण स्त्रोतों को कम करना है, बल्कि उन्हें खत्म करना है। एक बार एक पुरानी बाइक का व्यापार हो जाने के बाद, भागों को पुनर्नवीनीकरण और पुनः उपयोग किया जाएगा, उन्होंने बताया कि कंपनी ने बेनिन और टोगो दोनों में क्रशिंग इवेंट आयोजित किए हैं, जहां सामग्री के पुनः उपयोग से पहले मोटर चालित वाहनों को सार्वजनिक रूप से समतल किया जाता है।

ड्राइवरों के लिए प्रक्रिया देशों के बीच भिन्न-भिन्न होती है। केन्या में, उन्हें अपनी मौजूदा बाइक को इलेक्ट्रिक से बदलने के लिए 50,000 केन्याई शिलिंग (लगभग 344 डॉलर) - एक नई इलेक्ट्रिक बाइक की कीमत का लगभग एक तिहाई - की पेशकश की जाएगी। फिर वे लगभग 255 केन्याई शिलिंग (लगभग 2 डॉलर) की दैनिक सदस्यता का भुगतान कर सकते हैं जो बकाया राशि का भुगतान करता है और ड्राइवरों को बैटरी-स्वैप स्टेशनों तक पहुंच प्रदान करता है, जहां वे पूरी तरह से चार्ज की गई बैटरी को जल्दी से बदल सकते हैं। कंपनी के अनुसार, यह योजना न केवल सड़क पर पेट्रोल और डीजल वाहनों की संख्या और संबंधित वायु प्रदूषण को कम करती है, बल्कि ड्राइवरों के लिए ईंधन और रखरखाव दोनों की लागत में भी कटौती करती है। स्टार्टअप नोट करता है कि उसके कुछ मोटरबाइक टैक्सी ड्राइवरों ने योजना में शामिल होने के बाद से प्रति दिन लगभग 6 से 11 डॉलर तक मुनाफा बढ़ने की सूचना दी है।

## न्यूज फटाफट

### इजरायल ने सीरिया के अलेप्पो हवाईअड्डे पर दागी मिसाइल

**दमिश्क:** इजरायल ने शनिवार रात उत्तरी सीरिया के अलेप्पो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मिसाइल दागी। सीरियाई सरकारी टीवी के अनुसार तीन दिनों के भीतर हवाईअड्डे पर होने वाला इजरायल का यह दूसरा हमला है। एक रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को इजरायल ने राजधानी दमिश्क और अलेप्पो के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर हमला किया, जिससे रनवे को नुकसान पहुंचाने के बाद उन्हें अस्थायी रूप से सेवा से बंद कर दिया गया। शनिवार को सीरियाई परिवहन मंत्रालय ने कहा कि क्षति ठीक होने के बाद अलेप्पो हवाईअड्डा पर सेवाएं बहाल कर दी गयी हैं। हमले से हुयी क्षति का आकलन किया जा रहा है।

### अमेरिका के टेक्सास में गोलीबारी, तीन घायल

**स्टन:** अमेरिका में टेक्सास प्रांत के डलास में शनिवार रात गोलीबारी में तीन लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। डलास पुलिस विभाग ने कहा कि स्थानीय समयानुसार रात 8:00 बजे (अंतराष्ट्रीय समय के अनुसार रविवार तड़के एक बजे) से पहले मेले के फूड कोर्ट के पास हुई गोलीबारी के सिलसिले में एक व्यक्ति हिरासत में है। अधिकारियों को गोलीबारी की सूचना मिली और वे पार्क को खाली कराने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच के मुताबिक एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति पर गोली चलाई और तीन अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने बताया कि अधिकारियों द्वारा गिरफ्तार किए जाने से पहले बंदूकधारी ने पैदल ही घटनास्थल से भागने की कोशिश की।

### अफगानिस्तान में भूकंप से की मौत, 35 घायल

**हेरात:** पश्चिमी अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में रविवार को भूकंप के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और 35 अन्य घायल हो गए। प्रांतीय सरकार के एक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया, स्थानीय समयानुसार आज सुबह 8:06 बजे हेरात में भूकंप के झटके महसूस किए गए।भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.2 मापी गयी। भूकंप का केंद्र जिंदाजान जिले में था। भूकंप से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 35 घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बयान में कहा गया है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रविवार सुबह हेरात और उसके आसपास कुछ ही मिनटों में दोबार भूकंप के झटके महसूस किए गए। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर को हेरात प्रांत में, भूकंप के कारण 2,000 से अधिक लोग मारे गए और हजारों घायल हो हुए थे। इसके बाद से हेरात में कई बार भूकंप के कई झटके महसूस किए गए हैं।

### इजराइल की कार्रवाई आत्मरक्षा से परे : वांग यी

**बीजिंग :** चीन ने रविवार को कहा कि कि इजराइल की कार्रवाई आत्मरक्षा के दायरे से बाहर चली गयी है और देश को फिलिस्तीनियों को सामूहिक सजा देना बंद कर देना चाहिए। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने सऊदी अरब में अपने समकक्ष फैसल बिन फरहान अल सऊद से आज फोन पर बातचीत में यह बात कही। यहां जारी बयान में कहा गया है कि इजरायल की कार्रवाई आत्मरक्षा से आगे बढ़ गयी है तथा उसे अंतरराष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र महासचिव के आह्वान पर गंभीरता से ध्यान देते हुए गाजा पट्टी के निवासियों को सामूहिक रूप से दंडित करना बंद करना चाहिए। बयान में यह भी कहा गया है कि चीन नागरिकों को निशाना बनाने वाली सभी हानिकारक कार्रवाइयों की निंदा करता है और बातचीत की प्रक्रिया तत्काल शुरू करने का आह्वान करता है।

### पाकिस्तान में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में छह आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान में उत्तरी पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में शनिवार देर रात सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में कम से कम छह आतंकवादी मारे गये तथा एक सैनिक की मौत हो गयी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से जारी बयान के मुताबिक सुरक्षा बलों ने जिले के मीर अली इलाके में कल देर रात अभियान छेड़ा था। इसी दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में छह आतंकवादी मारे गये जबकि आठ अन्य घायल हो गए। वहीं एक सैनिक की मौत हो गयी। बयान में कहा गया है कि मारे गये आतंकवादियों के पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुए हैं।

### सैंडविच द्वीप समूह में 5.1 तीव्रता का भूकंप

**किंग एडवर्ड प्वाइंट:** अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार 2210 बजे दक्षिण सैंडविच द्वीप समूह क्षेत्र में 5.1 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप 58.98 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 25.62 डिग्री पश्चिम देशांतर पर निर्धारित किया गया और इसका केंद्र 45.8 किमी की गहराई में था।

### गाजा में पीने के पानी की कमी से जानलेवा बीमारियों का खतरा: डब्ल्यूएचओ

**वाशिंगटन :** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस एडनोम घेब्येयियस ने शनिवार को कहा कि गाजा पट्टी में पीने के पानी की कमी होने से घातक महामारी का गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है, विशेषकर उन आबादी में जिनकी स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच नहीं है। घेब्रेयेसस ने एक्स पर कहा स्वच्छ पानी की कमी होने जल जनित बीमारी होने का एक तत्काल जोखिम है, जो स्वास्थ्य देखभाल तक सीमित या पहुंच नहीं रखने वाले नाजुक आबादी के लिए घातक हो सकता है। गत 07 अक्टूबर को, हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल पर बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया, जिसके अगले दिन इजरायल ने युद्ध की घोषणा किया और जवाबी हमला शुरू किया। इसके दो दिन बाद इज़राइल ने गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, जहां 20 लाख से ज्यादा लोग रहते हैं, जिससे पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति बंद हो गई। इजरायल और फिलिस्तीन के संघर्ष में 1,000 से ज्यादा मौतें हो चुकी है जबकि हजारों लोगों के घायल होने की रिपोर्ट हैं।

### आज का इतिहास

- 1905 : लार्ड कर्जन ने बंगाल का प्रथम विभाजन किया।
- 1939 : द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने ब्रिटिश क्षेत्र पर पहला हमला किया।
- 1944 : प्रसिद्ध तबला वादक लच्छू महाराज का जन्म।
- 1948 : बॉलीवुड अभिनेत्री हेमा मालिनी का जन्म।
- 1948 : ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का जन्म।
- 1951 : पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री लियाकत अली खान की रावलपिंडी में गोली मारकर हत्या।
- 1959 : राष्ट्रीय महिला शिक्षा परिषद की स्थापना।
- 1964 : चीन ने अपना पहला परमाणु विस्फोट किया।
- 1968 : हरगोविंद खुराना को चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- 1984 : दक्षिण अफ्रीका के सामाजिक कार्यकर्ता डेसमंड टुटु को शांति के लिये नोबेल पुरस्कार दिया गया।
- 1999 : अमेरिका ने सैन्य शासन के विरोध में पाकिस्तान पर प्रतिबंध लगाया।
- 2003 : मलयाली फिल्मकार अडूर गोपाकृष्णन को फ्रांस के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'कमांडर ऑफ द आर्डर ऑफ आर्ट्स एंड लैटर्स' से सम्मानित किया गया।
- 2004 : अमेरिका ने इराकी अबू मुसार जल जरकावी के संगठन को आतंकवादी संगठन घोषित किया।
- 2011 : भारतीय मूल के धावक 100 वर्षीय फौजा सिंह ने सबसे अधिक उम्र में टोरंटो वाटर फ्रंट मैराथन पूरी की।
- 2012 : सौरमंडल के बाहर एक नए ग्रह 'अल्फा सेंचुरी बीबी' का पता चला।
- 2013 : दक्षिण पूर्वी एशियाई देश लाओस के पाक्से अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने से कुछ देर पहले लाओ एयरलाइंस के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 49 लोगों की मौत।

**शहर >> अपडेट**

### ट्राईबल यूथ फेस्टिवल 26 और 27 नवंबर को

रांची :आदिवासी युवाओं के द्वारा नवंबर माह में ट्राइबल यूथ फेस्ट का आयोजन होगा. आयोजन के संबंध में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व अजीत लकड़ा ने बताया कि यह आयोजन इंडिजिनियस वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा मोरहाबादी स्थित दीक्षांत मंडप में होगा। इस ट्राइबल यूथ फेस्ट में 26 और 27 नवंबर को भव्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा सांसद गीता कोड़ा, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की विशेष रूप से शामिल होंगी। इस यूथ फेस्ट में छऊ नृत्य, पाइका, दशई नृत्य, झूमर नृत्य, नटवा नृत्य और सोहराई सहित अन्य पारंपरिक नृत्य के कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा ट्राइबल परिधानों पर फैशन शो, आदिवासी खानपान, रॉक शो सहित अन्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

**मांग**

## टेट पास पारा शिक्षकों ने घेरा कांग्रेस प्रदेश कार्यालय,

# गेट के सामने धरने पर बैठे आंदोलनकारी

▶▶ टेट पास पारा शिक्षक लगातार आंदोलन कर रहे हैं

▶▶ पार्टी ऑफिस का मुख्य गेट बंद कर दिया गया है

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** झारखंड में टेट परीक्षा पास पारा शिक्षक लगातार वेतनमान की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। अब तक राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन, मुंडन कार्यक्रम के साथ मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, वित्तमंत्री रामेश्वर उरांव के आवास पर प्रदर्शन कर चुके राज्यभर के टेट पास पारा शिक्षकों ने रविवार को रांची में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।टेट पास पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापक) के प्रदर्शन के मद्देनजर जिला पुलिस के जवानों को कांग्रेस कार्यालय के बाहर लगाया गया है। पार्टी ऑफिस का मुख्य गेट बंद कर दिया गया है। कार्यालय के अंदर सिर्फ दफ्तर के स्टाफ मौजूद हैं। कांग्रेस पार्टी ऑफिस के बाहर भारी संख्या में टेट पास पारा शिक्षक धरने पर बैठे और नारेबाजी की।आंदोलित पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापक) का कहना है कि लगातार बच्चों को पढ़ाने और टेट परीक्षा पास करने के बाद भी सरकार उन्हें वेतनमान नहीं दे रही है।

मुख्यमंत्री पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए आंदोलित पारा शिक्षकों ने कहा कि 2019 में सीएम हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि सत्ता में आने के बाद उनकी सेवा नियमित होगी और वेतनमान मिलेगा। लेकिन चार साल होने को उनके साथ सिर्फ छल ही हुआ है। सेवा नियमितीकरण और सहायक शिक्षक की वैकेंसी में टेट पास सहायक अध्यापकों का सीधे समायोजन की मांग को जायज बताते हुए टेट पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापकों) ने कहा कि मांगें पूरी होने आंदोलन जारी रहेगा। अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को पारा शिक्षकों, कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय का घेराव और प्रदर्शन कर रहे पारा शिक्षक नेता टेकलाल महतो ने कहा कि आक्रोशित टेट पास पारा शिक्षकों ने शिक्षक की सभी योग्यता और मापदंड पूरा कर लिया है फिर भी उनके साथ सरकार छल कर रही है। टेट पास पारा शिक्षक महेंद्र प्रसाद, टेकलाल महतो, प्रमोद कुमार ने कहा कि जो पार्टियां सरकार में शामिल हैं उनके कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके अगले चरण में 21 अक्टूबर 2023 को राष्ट्रीय जनता दल के कार्यालय का घेराव किया जाएगा।कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर रहे टेट पास पारा शिक्षकों ने कहा कि 21 अक्टूबर को राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय का घेराव करेंगे।

इस पर भी उनकी मांगें पूरी नहीं होने पर 15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस पर रांची में राज्य भर के टेट पास 14 हजार से अधिक पारा शिक्षक काला झंडा के साथ प्रदर्शन करेंगे। झारखंड में टेट पास 14 हजार 42 पारा शिक्षकों को सरकार ने सहायक अधयापक का दर्जा दिया लेकिन उन्हें सहायक शिक्षक की तरह वेतनमान मिली और न ही अन्य सुविधाएं मिल रही हैं। ऐसे में राज्यभर के टेट पास पारा शिक्षक लगातार आंदोलन कर रहे हैं। अब देखना होगा कि टेट पास पारा शिक्षकों की मांग पर सरकार कौन सा रुख अख्तियार करती है।

## नेतरहाट को नजदीकी रेलवे स्टेशन से जोड़ने के लिए तैयारियों में लगी सरकार

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड के फेमस हिल स्टेशन नेतरहाट (लातेहार जिला) को रेलवे नेटवर्क से जोड़ने की तैयारी है। इसके लिए पहल भी शुरू हो गई है। रेलवे मंत्रालय और झारखंड सरकार के ज्वाइंट वेंचर झारखंड रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने इसके लिए कदम बढाया है। कॉरपोरेशन के जेनरल मैनेजर (प्रोजेक्ट) की ओर से इसके लिए टेंडर नोटिस जारी कर योग्य एजेंसियों से मदद मांगी गई है। टेंडर जारी करते कहा गया है कि नेतरहाट को नजदीकी रेलवे स्टेशन से जोड़ने के संबंध में ट्रैफिक, रूट और जरूरी खर्चे के लिए कंसल्टेंसी सर्विसेज की उसे आवश्यकता है। इसके लिए योग्य एजेंसियां 28 नवंबर तक आवेदन कर सकती हैं। इसी दिन बिड खोले भी जाएंगे।डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के मुताबिक नेतरहाट को रेलवे कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए चयनित कंसल्टेंसी सर्विसेज को अपना काम 32 सप्ताह में कर देना होगा। मतलब यह माना जा रहा है कि जिस एजेंसी को कंसल्टेंसी सर्विसेज के लिए चुना जाएगा, वह करीब 8 महीने में अपनी जरूरी और निर्धारित रिपोर्ट सरकार को सौंप देगा। आवेदन करने वाले को बिड प्रोसेसिंग फीस के तौर पर 10 हजार रुपये लगेंगे जबकि बिड सिक्योरिटी के तौर पर एक लाख रुपये जमा करने होंगे।

## झारखंड के केज कल्चर को त्रिपुरा के मत्स्य किसानों और अधिकारियों ने सराहा



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:**त्रिपुरा से आए हुए 24 मत्स्य कृषकों का दल झारखंड दौरे पर है। ये सभी वहाँ के गंडाट्वीशा तथा कारबोक जिले के ढलाई तथा गोमती प्रखण्डों के डुमबुर जलाशय के समीप रहते हैं। शनिवार को उनका करीब एक सप्ताह का झारखण्ड दौरा सम्पन्न हो गया। इस मौके पर निदेशक (मत्स्य) झारखण्ड एच एन द्विवेदी ने त्रिपुरा से आए मत्स्य कृषकों को संबोधित करते कहा कि झारखण्ड के केज कल्चर तकनीक को त्रिपुरा जैसे नार्थ इस्ट राज्य में भी फैलाने की कोशिश करनी चाहिए ताकि लोगों को अधिक से अधिक रोजगार मुहैया हो सके। साथ ही मत्स्य उत्पादन में त्रिपुरा राज्य आगे बढ़ सके। केज कल्चर में मत्स्य आहार महत्वपूर्ण घटक है। राज्य में फीड मिल स्थापित करने की जरूरत है। निदेशक ने जानकारी देते कहा कि केज कल्चर में झारखण्ड एक राज्य अग्रणी राज्य है। इसलिए त्रिपुरा के किसान पहली बार स्थल भ्रमण करने हेतु हजारीबाग के तिलैया, सरायकेला के चांडिल जलाशय और रामगढ़ के पतरातु डैम में केज कल्चर का निरीक्षण किया। इसके साथ ही राँची जिले के खलारी में कोलपीट में केज कल्चर का अवलोकन करने के साथ साथ नगड़ी में बायोफ्लॉक तालाब तथा आर0ए0एस0 में मछली पालन को देखकर काफी प्रभावित हुए। यह तकनीक उनके लिये नई लगी जहाँ पर कम जगह हो तथा कम पानी में अधिक से अधिक मछली पालन किया जा रहा है। इसके साथ ही मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र में रंगीन मछली पालन, मोती पालन तथा बायोफ्लॉक टैंक में मछली पालन को देखा।मौके पर त्रिपुरा से आए जतन कुमार चकमा, वृहत कुमार त्रिपुर, देव कुमार दास, उदित जमातिया, संजीत कुमार साहा आदि जैसे कृषकों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मत्स्य कृषकों द्वारा झारखण्ड के केज कल्चर को सराहा गया। इससे संबंधित गुढ़ तथ्यों की जानकारी ली।

## विश्व एनेस्थीसिया दिवस से पूर्व रिम्स परिसर में वृक्षारोपण, आज जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** विश्व एनेस्थीसिया दिवस से एक दिन पहले रिम्स परिसर में एनेस्थीसिया विभाग के चिकित्सकों व छात्रों ने वृक्षारोपण किया। वहीं कल यानी सोमवार को ओल्ड कैजुअल्टी के सामने जागरुकता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा। विभाग के एचओडी डॉ लाधु लकड़ा ने इस बात की जानकारी दी। बताया कि लोगों के लिए बुनियादी जीवन से संबंधित शिक्षण सत्र और व्यावहारिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। सीपीआर प्रशिक्षण की जानकारी एनेस्थीसिया विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ तुषार कुमार, डॉ प्रियंका श्रीवास्तव और डॉ भारती देंगी। कहा कि किसी व्यक्ति को हार्ट अटैक आने पर समय से उन्हें सीपीआर दिया जाये तो 10 में से 7 मरीजों की जान बच सकती है।आईएसए रांची के सचिव डॉ शियो प्रिये ने कहा कि एनेस्थीसिया विभाग ने वृक्षारोपण कर प्रकृति को हरा भरा रखने का संदेश दिया। जैसे-जैसे हर चिकित्सा सुविधा विकसित हुई, एनेस्थीसिया भी इथर से बेहतर तकनीक तक विकसित हुआ है। अब पहले की तुलना में लोग अधिक सुरक्षित है। रिम्स के एनेस्थीसिया विभाग में मरीजों को न केवल एनेस्थीसिया बल्कि दर्द निवारक और गहन देखभाल भी की जाती है। लोगों को बताना कि हमारी भूमिका क्या है और हम कैसे लोगों की जीवन को बचा सकते हैं यही इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है।गौरतलब है कि 1846 में डायथाइल ईथर एनेस्थीसिया के पहले सफल परीक्षण के बाद हर साल 16 अक्टूबर को विश्व एनेस्थीसिया दिवस मनाया जाता है। चिकित्सा के इतिहास में इसे सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। मरीज को बिना दर्द के सर्जिकल उपचार कर उन्हें स्वस्थ करने में एनेस्थीसिया की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है।

## मनरेगा अंतर्गत अकुशल मजदूर से कुशल हुए 41 श्रमिकों को मिला प्लेसमेंट



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** मनरेगा अंतर्गत संचालित उन्नति परियोजना से अब तक झारखंड में 41 मनरेगा मजदूरों को कुशल बनाकर प्लेसमेंट दिया जा सका है। यानि इनसे मजदूरी छुड़ाकर इन्हें विभिन्न कंपनियों, कार्यालयों इत्यादि में नौकरी दिलायी गयी है। इस परियोजना अंतर्गत राज्य में अब तक 1442 मनरेगा श्रमिकों को कुशल बनाने के लिए विभिन्न ट्रेंड में प्रशिक्षण दिया गया है। बता दें कि भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के द्वारा पूरे देश में निबंधित अकुशल मजदूरों को कुशल बनाकर रोजगार उपलब्ध कराने या स्वरोजगार करने के लिए उन्नति परियोजना शुरू की गयी है।इस परियोजना के तहत राज्य सरकारों को यह जिम्मेदारी भी दी गयी है कि ट्रेंड मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराये। प्लंबर, बिजली, सिलाई सहित कई ट्रेड में इन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सभी जिलों को लक्ष्य देकर प्रशिक्षण काम प्रारंभ शुरू किया जायेगा। मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने उन्नति परियोजना के तहत किए जा रहे कार्यों के संबंध में समीक्षा की।

**दुर्गोत्सव** कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की स्तुति,पूजन की गई

# चंद्रयान -3 का प्रारुप होगा आकर्षण का केंद्रः आलोक दूबे

▶▶ 10 दिनों तक पूरे भक्ति भाव से त्योहार संपन्न कराए जायेंगे

▶▶ आकर्षक विद्युत सज्जा ,बंगाल के ढ़ाक आकर्षण के केंद्र होंगे

**राष्ट्रीय खबर**




**रांची:** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति छप्पन सेट डोरण्डा का 61 वां दुर्गोत्सव कलश स्थापना के साथ प्रारंभ हो गया। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे, संरक्षक कपिल देव सिंह,अध्यक्ष गौतम कुमार दूबे गोपी के नेतृत्व में पूर्वाह्न 7.30 बजे महिलाओं द्वारा मस्तक पर कलश और नारियल रखकर छप्पन सेट मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गई जो तुलसी चौक, अम्बेडकर चौक, विवेकानन्द चौक होते हुए बटम तालाब गया एवं बटम तालाब में जल भर कर मां दुर्गे के संगीत मय भजन पर झूमते नाचते गाते राजेन्द्र चौंक,गोरखा चौंक होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचकर पंडित उदय शंकर मिश्र के मंत्रोच्चार एवं कमिटि की ओर से मुख्य जजमान विकास कुमार के द्वारा सभी कलश स्थापित कर माता का आह्वान किया गया। महिला भक्तों की ओर से गुड़िया सिंह,छाया अम्बष्ट,पुष्पा सिंह, प्रियंका तिवारी,रुबी सिंह सहित छप्पन सेट,कुम्हार टोली,प्रेस कॉलोनी,भारती कम्पाउन्ड की महिला कलश यात्रा में शामिल हुई।कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की स्तुति,पूजन की गई। समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दुबे ने कहा देवी दुर्गा का नव दिवसीय पर्व आज कलश स्थापना के साथ शुरू हो रहा है हम परम ब्रह्म शक्ति की उपासना करके समाज को, स्वयं को और अपने परिवार को दैहिक, दैविक और भौतिक तापों से मुक्ति दिला सकते हैं।

नेपाल हाउस डोरंडा में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों द्वारा आज से 60 साल पहले छोटे रुप में नवरात्र की पूजा प्रारंभ की गई थी जो आज बड़े रुप में लगातार जारी है। सेवानिवृत होने के बाद भी यहां से चले गए लोग अपने परिवार के साथ 56 सेट डोरंडा प्रांगण में उपस्थित होकर पूजा देखने अवश्य आते हैं और अपने बच्चों को गुजारे हुए पल एवं दुर्गा पूजा की कहानी सुनाते हैं। 56 सेट डोरंडा मंदिर परिसर में मां दुर्गे की मूर्ति को अंतिम रूप दिया जा,मां दुर्गा के साथ भ ा ग ा व ा न ा गणेश,विश्वकर्मा,सरस्वती भी विराजमान होती हैं?।सीमित संसाधनों में चन्द्रयान -3 का भव्य पूजा पंडाल का भी निर्माण कराया जा रहा है एवं साथ ही साथ राज्य सरकार एवं प्रशासन के निदेशों के तहत पूजा संपन्न कराया जा रहा है।आकर्षक विद्युत सज्जा ,बंगाल के ढ़ाक आकर्षण के केंद्र होंगे। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। समिति के अध्यक्ष गौतम दुबे गोपी ने कहा 10 दिनों तक पूरे भक्ति भाव से त्योहार संपन्न कराए जायेंगे। समिति के पदाधिकारी विजय गुप्ता,गोपाल तिवारी,पंकज तिवारी, कमलेश कुमार,मेंहुल दूबे,पान सिंह,दीपक ठाकुर,शशि कुमार,विवेक सिंह,अजय थापा,मनोज सिंह, जेडी गुरुंग, नितिन कुमार, कमलेश झा,दिलीप कुमार,नीरज कुमार,अश्वनी कुमार,बबलू विजयवर्गीय,विवेक छेत्री,रोहित छेत्री,राकेश कुमार वर्मा,पूजा संपन्न कराने में मुख्य रूप से सहयोग कर रहे हैं।

### गांव के लोगों को अब स्वच्छ गुणवत्तापूर्ण जल मिलेगा

रांची: ओरमांझी प्रखंड आसपास के लोगों को शुद्ध व स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए ओरमांझी के पीएचडी परिसर में झारखंड सरकार द्वारा अवर प्रमंडल स्तरीय जल जांच प्रयोगशाला खोला गया है। जिसका उद्देश्य क्षेत्र के लोगो को स्वच्छ एंव गुणवत्तापूर्ण जल उपलब्ध करना है। शुद्ध जल मानव जीवन के लिए काफी महत्वपूर्ण तत्व है। अगर लोगों को शुद्ध जल ना मिले तो मानव जीवन का विनाश हो जाएगा।जल नल योजना के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।प्रयोगशाला में क्षेत्र के चापानलों से पानी का सैंपल लेकर प्रयोगशाला में अच्छे उपकरणों द्वारा जांच किया जाता है। प्रयोगशाला के लेबर असिस्टेंट अभय राज ने बताया कि गांवों के चापानल का पानी पीने लायक है कि नही इस का जांच किया जाता है। लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराना इस प्रयोगशाला का उद्देश्य है।प्रयोगशाला में फ्लोराइड के अंश पाने वाले चापानल को बंद करने का सरकार द्वारा आदेश है।जल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला गुणात्मक के साथ-साथ मात्रात्मक डेटा भी प्रदान करती है।

## न्यूज फटाफट

### पूजा को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**रांची:** राजधानी रांची समेत राज्यभर में दुर्गोत्सव शुरू हो चुका है। इस बीच लोग हर्षोल्लास के साथ त्योहार मना रहे है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने भी कमर कस ली है। वहीं दुर्गा पूजा के अलावा आगामी त्योहारों को लेकर सभी हॉस्पिटलों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया गया है। जिससे कि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि त्योहार सभी के लिए है। इसलिए ध्यान रखें कि आपकी वजह से किसी का घर न जले या फिर नुकसान न हो। शांति से त्योहार मनाएं। उन्होंने कहा कि पूजा को लेकर हर स्थिति से निपटने के लिए हम तैयार है। डायरिया को लेकर सूचना मिली थी। इसको लेकर विभाग ने तत्काल कदम उठाए है। प्रभावित इलाकों में ओआरएस और दवाएं बांटी गई है। लोगों को भी एहतियात बरतने को कहा गया है। डेंगू-चिकनगुनिया को लेकर भी लोग अपने से ध्यान रखे। गंदगी और जल जमाव जैसी समस्या न हो इसका भी ध्यान रखना होगा। हॉस्पिटलों में इससे निपटने की तैयारी रखी गई है। चूंकि लगातार नए मरीज सामने आ रहे है।

### एक्सपो में ग्राहकों की रही भीड़ लोग जमकर कर रहे हैं खरीदारी

**रांची:** 12 से 16 अक्टूबर तक मोराबादी मैदान में एक्सपो लगाया गया है, जेसीआई राँची के द्वारा आयोजित एक्सपो उत्सव के तीसरे दिन मोराबादी में ग्राहकों की भारी भीड़ थी। सभी लोगो एक्सपो में आने को लेकर काफी उत्सुक थे। स्टॉल धारक काफी खुश नजर आए और उनको अच्छा कारोबार मिल रहा है। आज सुबह राजीव कुमार गुप्ता ळीि, नीरज कुमार एवं विष्णु जालान के द्वारा संत थॉमस स्कूल, मनन विद्या स्कूल एवं सरला बिरला यूनिवर्सिटी के बच्चों को सफलता के गुर सिखाए एवं बच्चे भी काफी उत्साहित दिखे। ट्रेनिंग के बाद बच्चों को एक्सपो से परिचित कराया गया, और बच्चो ने भी सब कुछ अच्छे से देखा और फिर एम्यूजमेंट पार्क में बने बच्चों के लिए फनगोला का भी आनंद लिया। इसके अतिरिक्त हर दिन एक्सपो में लोगों के लिए कुछ ना कुछ इवेंट होते रहे है। शनिवार को एक्सपो में हेल्दी बेबी एंड मॉम शो और वॉइस ऑफ एक्सपो का आयोजन किया गया। आज हेल्दी बेबी एंड मॉम शो में उम्र 0-1 वर्ष में सामर्थ टोप्पो मॉम प्रियांशु केरकेट्टा, उम्र 1-2 वर्ष अद्विका अग्रवाल मॉम प्रतीका अग्रवाल एवं उम्र 2-3 वर्ष में सायरा मशकरा मॉम नीमा मस्कारा ने खिताब अपने नाम किया। आज एक्सपो उत्सव में वॉइस ऑफ एक्सपो का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस वर्ष एक्सपो में अपना घर में लोग अपने सपनों का घर भी खरीद सकते है एवं इसके साथ ही साथ आपको अपने घर के लिए कुछ भी खरीदना हो तो उन्हें एक्सपो में सब कुछ मिल जाए ऐसा ध्यान रखा गया है। इसके बाद एक्सपो में फर्नीचर जोन है जहाँ आपको अपने घर के लिए सस्ता अच्छा फर्नीचर आइटम भी खरीद सकते हैं। यह जानकारी एक्सपो मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ चौधरी एवं जेसीआई रांची के प्रवक्ता प्रवीण अग्रवाल ने दिया।

### युवाओं में राज्य की दशा व दिशा बदलने की क्षमता : प्रेम

**रांची:** झारखण्ड में आयोजित तिन दिवसीय झारखण्ड इंटेलेक्चुअल समिट का शुक्रवार को सफलता पूर्वक समाप्त हो गया। झारखण्ड इंटेलेक्चुअल फोरम के चेयरमैन प्रेम कुमार ने रांची स्थित पुराना विधानसभा में सफलता पूर्वक संपन्न हुए झारखण्ड इंटेलेक्चुअल समिट में 23 वर्ष के युवा झारखण्ड के विकास के सन्दर्भ में जिन अहम मुद्दों पर चचाएं हुई उससे छन कर जो सामने आया उससे यह प्रतीत होता है की यह समिट इस प्रदेश के लिए एक मिल का पत्थर साबित होगा। बता दें की झारखण्ड इंटेलेक्चुअल फोरम के द्वारा झारखण्ड के पुराना विधानसभा में आयोजित तिन दिवसीय झारखण्ड इंटेलेक्चुअल समिट के अंतिम सत्र में अपने समापन भाषण में श्री प्रेम कुमार ने कहा की हमारा राज्य झारखण्ड 23 वर्ष का हो चूका है और ऐसे में हम सब का यह दायित्व बनता है की अब इस युवा झारखण्ड को एक नई दिशा दी जाय। यह समिट हमारे संस्थान और टीम के द्वारा इसी का एक प्रयास है। प्रेम कुमार ने आगे कहा की तिन दिनों तक युवा झारखण्ड को विकास के क्षेत्र में एक नयी दिशा देने को लेकर दुनिया देखे हमारे झारखण्ड का आताम्विश्वास, युवाओं का झारखण्ड, कला, खेल , तकनिकी, साहित्य एवं उद्यम, नये झारखण्ड के निमार्ता को नमन, झारखण्ड देश का नंबर 1 राज्य बनेगा, युवा शक्ति, युवा संवाद, - हमारा स्वर्णिम भविष्य, मेरे राज्य का प्रवासी झारखण्डवासी और मेरा विरासत मेरा जीवन जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा की गई।

### डीएवी हेहल के बच्चों ने मनाया ग्रैंड पेरेंट्स डे, उनके सम्मान में लगाई प्राचीन वस्तुओं की प्रदर्शनी

**रांची:** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची में ग्रैंड पेरेंट्स डे को शुभाशीष दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्रखर आर्य समाजी,डी. ए. वी. प्रबंधन समिति,नई दिल्ली के स्थायी सदस्य एस एल गुप्ता जी एवं विशिष्ट अतिथि सुशीला गुप्ता,चेयर पर्सन, आर्य समाज ,रांची थे। कार्यक्रम की शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गान के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत सैपलिंग एवं शॉल ओढ़ाकर किया। उन्होंने इस स्वर्णिम अवसर पर सभागार में उपस्थित सभी बड़े-बुजुर्गों का संबोधन मातृदेवो भव ! पितृ देवो भव! पितामह-पितामही देवो भवद्ध से किया। उन्होंने कहा कि जो अभिवादनशील होते हैं उनकी चार चीजें-आयु ,विद्या,यश और बल की वृद्धि होती है। उन्होंने अपने सम्बोधन में यह भी कहा कि ह्यईश्ववर मनुष्य का निर्माण करता है,किंतु मनुष्यों में नैतिक मूल्यों का संचार डी ए वी संस्था करती है।

### कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा श्रद्धाभाव से की गई

**रांची:** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे, संरक्षक कपिल देव सिंह,अध्यक्ष गौतम कुमार दूबे गोपी के नेतृत्व में पूर्वाह्न 7.30 बजे महिलाओं द्वारा मस्तक पर कलश और नारियल रखकर छप्पन सेट मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गई। जो तुलसी चौक, अम्बेडकर चौक, विवेकानन्द चौक होते हुए बटम तालाब गया एवं बटम तालाब में जल भर कर मां दुर्गे के संगीत मय भजन पर झूमते नाचते गाते राजेन्द्र चौंक,गोरखा चौंक होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचकर पंडित उदय शंकर मिश्र के मंत्रोच्चार एवं कमिटि की ओर से मुख्य जजमान विकास कुमार के द्वारा सभी कलश स्थापित कर माता का आह्वान किया गया। महिला भक्तों की ओर से गुड़िया सिंह,छाया अम्बष्ट,पुष्पा सिंह, प्रियंका तिवारी,रुबी सिंह सहित छप्पन सेट,कुम्हार टोली, प्रेस कॉलोनी,भारती कम्पाउन्ड की महिला कलश यात्रा में शामिल हुई।कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की स्तुति,पूजन की गई।

### जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन का वितरण



**रांची:** मरहबा ह्यूमन सोसाइटी के द्वारा मेन रोड स्थित अंजुमन प्लाजा के सामने एक कोशिश कोई भूखा न रहे अभियान के तहत राहगीरों, रिक्शा चालकों, ठेला लगाने वाले जरूरत मंद लोगों के बीच भोजन वितरण लगातार पांचवें हफ्ते भी जारी रहा। मालूम हो कि मरहबा ह्यूमन सोसायटी के द्वारा पिछले पांच सप्ताह से वैसे लोग जो दिन भर रिक्शा चला कर मजदूरी करके अपने घर को चलाते है और जिन्हें अपने खाने की फिकर कम घर वालों को खिलाने की सोच में दिन भर मेहनत मजदूरी करते हैं।